# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




भुवनेश्वर रीजन में 92.03% रहे दसवीं के परिणाम, बारहवीं में 83.34% पास, छग इसी रीजन में, पहली बार अचानक घोषणा

## सीबीएसई दसवीं-बारहवीं में भी बेटियों का कमाल, छत्तीसगढ़ के 79 फीसदी हुए पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा सोमवार को कर दी गई। बच्चों में अलहेल्दी कंपीटिशन रोकने के लिए इस बार भी सीबीएसई द्वारा मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को ▶▶ शेष पेज 6 पर



- बच्चों में अनहेल्दी कंपीटिशन रोकने इस बार भी मेरिट लिस्ट की घोषणा नहीं
- 12वीं में 16 लाख 21 हजार तथा 10वीं में 22 लाख 38 हजार छात्र हुए थे शामिल
- देश में 10वीं के परिणाम 93.6% तथा बारहवीं के नतीजे 87.98%

### लड़कियां फिर आगे

इस साल सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं दोनों ही कक्षाओं में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा है। बारहवीं में लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज 91.52% रहा है। वहीं बारहवीं में 85.12% लड़के उत्तीर्ण हो सके हैं। 10वीं कक्षा में लड़कियों ने लड़कों से 2.04% बेहतर प्रदर्शन किया है। लड़कियों का पास प्रतिशत 94.75% और लड़कों का 92.71% रहा है। पिछले वर्ष के 90% के मुकाबले इस वर्ष ट्रांसजेंडर छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत बढ़कर 91.3% हो गया है।

## रेजा कुली के बच्चे, 10वीं 12वीं में टॉपर, मिलेंगे दो-दो लाख रुपए

*बालोद जिले की कुमारी पद्मिनी ने 10वीं की परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर छत्तीसगढ़ में पांचवा स्थान हासिल किया है। जाहिर है यह बच्ची पढ़ाई लिखाई में होनहार है, तभी ये उपलब्धि उसके हिस्से आई है, लेकिन इससे भी बड़ी बात ये है कि यह लड़की प्रतिमा शांडिल्य नाम की महिला की बेटी है, जो रेजा कुली का काम करने वाली श्रम विभाग की एक पंजीकृत मजदूर है। उधर रायगढ़ जिले की कुमारी बबीता पटेल* ▶▶ शेष पेज 6 पर

- श्रम मंत्री देवांगन ने फोन पर की बात, दी बधाई

## देश में 10वीं में 93 और 12वीं में 87.98 फीसदी पास

**नई दिल्ली।** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के सोमवार को घोषित परिणामों में उत्तीर्ण प्रतिशत के मामले में एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ दिया। वहीं, पिछले साल के मुकाबले 90 और 95 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में आंशिक रूप से वृद्धि हुई है। सीबीएसई ने सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए। पिछले साल की तुलना में 10वीं कक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के प्रतिशत में 0.48 प्रतिशत का सुधार हुआ है और यह 93.60 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

### पूरक परीक्षा 15 जुलाई से


सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षा 15 जुलाई को शुरू होगी। इस साल 10वीं कक्षा में 1.32 लाख विद्यार्थियों को और 12वीं कक्षा में 1.22 लाख विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा की श्रेणी में रखा गया है।

### बोर्ड परीक्षा अगले साल 15 फरवरी से

सीबीएसई की शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा अगले साल 15 फरवरी से होंगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने सोमवार को यह घोषणा की। भारद्वाज ने कहा, बोर्ड ने 2025 की परीक्षाएं 15 फरवरी, 2025 से कराने का फैसला किया है।

## बिलासपुर की मीहिका और तन्मया को 99.2 फीसदी

### सेल्फ स्टडी कर किया टॉप



डीएवी स्कूल बिलासपुर की छात्रा मीहिका जैन ने कक्षा 10वीं में 99.2 प्रतिशत हासिल किया है। उन्होंने बताया कि वे सेल्फ स्टडी ही करती रही हैं, उन्होंने किसी तरह की कोचिंग नहीं ली। मिहिका ने एनसीआरटी सिलेबस को अच्छे से पढा। मीहिका भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती हैं।

### इंजीनियर बनना चाहती है तन्मया

द जैन इंटरनेशनल स्कूल बिलासपुर की छात्रा तन्मया साहू ने कक्षा 10वीं में 99.2 प्रतिशत हासिल कर टाप किया है। तन्मया ने बताया कि उन्होंने इस एग्जाम की तैयारी के लिए सेल्फ स्टडी अधिक की। तन्मया सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हैं।



### 10वीं में युग को मिले 99.20 फीसदी अंक

सीबीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा में 99.20 प्रतिशत अंक हासिल कर युग माहेश्वरी ने रायपुर शहर में टॉप किया है। युग का कहना है कि शुरुआत से ही अच्छे अंक प्राप्त करना लक्ष्य था। इसके लिए स्कूल के साथ-साथ घर में 5 घंटे रोजाना पढ़ाई करता था। वे आलोक व प्रियंका माहेश्वरी के सुपुत्र व देवकी अशोक लढ्ढा के पोते हैं। युग विधानसभा रोड स्थित भवंस आर के शारदा विद्या मंदिर का स्टूडेंट है।



### इंजीनियर बनना चाहते हैं प्रांशु

द जैन इंटरनेशनल स्कूल, बिलासपुर के छात्र प्रांशु अग्रवाल ने कक्षा 10वीं में 99 प्रतिशत प्राप्त किया है। प्रांशु ने बताया कि उन्होंने परीक्षा के समय में लगातार पढ़ाई की थी, भविष्य में वे पीसीएम सब्जेक्ट लेकर इंजीनियर बनना चाहते हैं। प्रांशु की माता श्रीमती शिल्पी केडिया व पिता मुकेश अग्रवाल व्यावसायी हैं।








रोड शो में उमड़ी भीड़, आज भरेंगे पर्चा, देशभर के नेता होंगे शामिल

# मोदी के साथ चली 'काशी', ढाई घंटे में सिर्फ पांच किमी चला रथ

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रोड शो किया। उन्होंने मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान लोगों ने फूलों की बारिश करके उनका स्वागत किया। काशी विश्वनाथ धाम पर रोड शो के दौरान हर- हर महादेव व हर-हर मोदी और घर-घर मोदी का उद्घोष गूंजता रहा। इस दौरान पीएम मोदी ने दोनों हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया।*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

पीएम मोदी मंगलवार को वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थित महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भगवा कुर्ता और सफेद सदरी पहनकर विशेष और खुले वाहन पर सवार हुए। इस वाहन पर उनके साथ उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सवार हुए। सोमवार की शाम को मोदी का रोड शो मालवीय चौराहा से संत रविदास गेट होते हुए आगे बढ़ा।

मोदी दोनों हाथ जोड़कर लोगों के अभिवादन का जवाब दे रहे थे। लोगों ने फूलों की बारिश कर उनका स्वागत किया। शो की शुरुआत में ही मातृ शक्तियों के दल के अलावा, बच्चे, बड़े और बूढ़े मोदी की अगवानी करते नजर आए। रोड शो में पांच हजार से ज्यादा महिलाएं मोदी के वाहन के आगे पैदल यात्रा करती दिखीं। ▶▶ शेष पेज 6 पर




### शंखनाद और ढोल की थाप

करीब पांच किलोमीटर लंबे इस रोड शो के दौरान शहनाई की धुन, शंखनाद, ढोल की थाप और मंत्रोच्चार के बीच पूरी यात्रा काशी की संस्कृति में रची-बसी नजर आयी। मोदी हाथ हिलाकर सबका अभिवादन कर रहे थे।

### हर समाज की दिखी झलक

रोड शो के मार्ग पर 11 बीट के अंतर्गत लगभग 100 बिंदु बनाए गए। इन पर मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल, पंजाबी आदि समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में मोदी का स्वागत करने के लिए कतारबद्ध खड़े रहे। शहनाई, शंखनाद, डमरू दल के साथ काशी की जनता के साथ ही कई मंत्री, विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारी प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए कतारबद्ध खड़े रहे।

### श्री काशी विश्वनाथ धाम में की पूजा-अर्चना

रोड शो मालवीय चौराहा से संत रविदास गेट, अस्सी, शिवाला, सोनारपुरा, जंगमबाड़ी, गोदौलिया होते हुए श्री काशी विश्वनाथ धाम तक पहुंचा। यहां पीएम मोदी बाबा के दरबार में विधि-विधान से पूजा- अर्चना की। इसके बाद वह विश्वनाथ धाम से मैदागिन चौराहा, कबीरचौरा, लहुराबीर, तेलियाबाग तिराहा, चौकाघाट चौराहा, लकड़ी मंडी, कैंट ओवरब्रिज, लहरतारा चौराहा, मंडुवाडीह चौराहा, ककरमत्ता होते हुए रात्रि विश्राम के लिए बीएलडब्ल्यू गेस्ट हाउस पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता बैस की गोली मारकर हत्या

**नारायणपुर।** शहर में सोमवार रात को बखरुपारा निवासी कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव व पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष विक्रम बैस उम्र 40 साल अपनी बाइक से रात लगभग साढ़े नौ बजे घर आ रहे थे। घर के थोड़ा पहले एक बाइक में सवार तीन लोग आए और उनको गोली मार दी। बताया जा रहा है कि उन्हें तीन गोली सिर व सीने में मारी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज से आसपास के मौजूद लोग पहुंचे। लोगों ने घायल बैस को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसपी प्रभात कुमार ने कहा कि यह नक्सलवाद से जुड़ी हत्या नहीं लग रही है, वैसे तो सभी संभावनाएं खुलीं हैं। नक्सलवाद से जुड़ी हत्याओं के पर्चा आदि मिलता है, वह नहीं मिला है। नक्सली अक्सर पुलिस से लूटी हुई ▶▶ शेष पेज 6 पर



### हवाई अड्डे पर 13.56 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई यात्रियों द्वारा अवैध रूप से लाया गया 13.56 करोड़ रुपये मूल्य का 22.14 किलोग्राम सोना जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान सोने की तस्करी के 20 मामलों में 11 यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है।



### ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारी, तीन की मौत

**संभल।** संभल जिले में एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। घटना रविवार देर रात की है। कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर के लोग अंत्येष्टि में शामिल होने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने घर लौट रहे थे।



### सेना के ट्रक की दो वाहनों से टक्कर, दो की मौत

**राजगढ़।** राजगढ़ जिले में सोमवार को सुबह सेना के एक ट्रक और दो अन्य वाहनों के बीच टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना कुरावर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीलूखेड़ी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर हुई।



## खिलौना समझकर खेल रहे थे फटा ग्रेनेड, दो बच्चों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/बीजापुर

बीजापुर जिला के भैरमगढ़ ब्लॉक स्थित इंद्रावती नदी के दूसरी ओर बोड़मा गांव में सोमवार को खेत में पड़े यूबीजीएल से खेल रहे दो मासूम बच्चे की बेरले ग्रेनेड लांचर के फटने से मौत हो गई। मामला बोड़मा गांव का बताया जा रहा है जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चों के शव को लेकर ब्लाक मुख्यालय भैरमगढ़ की ओर रवाना हुए हैं। जानकारी के मुताबिक भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के बोड़मा गांव के करीब ▶▶ शेष पेज 6 पर

- नदी पार कर शव लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण भैरमगढ़ रवाना

### बीजापुर के बोड़गा गांव में हादसा



### कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीण जुटे


इस हादसे में बोड़मा गांव निवासी लक्ष्मण ओयाम पिता मुन्ना ओयाम 13 वर्ष व बोटी ओयाम पिता कमलू ओयाम 11 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई है। इधर, बच्चों की मौत की खबर लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों का एकत्रित होना शुरू हो गया था। इसके बाद ग्रामीण परिजनों के साथ शव लेकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर भैरमगढ़ पहुंच रहे हैं।

72 साल की आयु में निधन

## बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी नहीं रहे

एजेंसी ▶▶ पटना

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का सोमवार को निधन हो गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार 72 वर्षीय मोदी ने सोमवार रात करीब नौ बजकर 45 मिनट पर दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुशील मोदी के निधन पर दुख जताते हुए उन्होंने ▶▶ शेष पेज 6 पर



### साय ने संवेदना व्यक्त की

वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर लिखा- भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य सुशील कुमार मोदी जी के देवलोकगमन की दुःखद सूचना प्राप्त हुई। शोकसंतप्त परिजनों को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

## चलती कार में लगी आग, शिक्षक जिंदा जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

घटना करतला थाना क्षेत्र में चलती कार में अचानक आग लगने से उसमें सवार शिक्षक की जलकर मौत हो गई। शिक्षक रायगढ़ जिले में पदस्थ थे। रविवार को वे पसरखेज की तरफ से छाल की ओर जा रहे थे, तभी ये हादसा हो गया। करतला पुलिस के अनुसार रायगढ़ जिले के सरकारी स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ जगतराम बेहरा रविवार को अपनी कार से ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सेंट्रल लॉक नहीं खुलने से हादसा



### चाहकर भी नहीं बचा सके

बताया जा रहा है कि इस घटना को जिसने भी देखा उसकी रूह कांप गई। कार में आग इतनी भयंकर थी कि स्थानीय ग्रामीण चाहकर भी कार के अंदर फंसे शिक्षक को बचा नहीं सके। आनन फानन में घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। तब तक काफी देर हो चुकी थी। करतला पुलिस ने इस घटना पर प्राथमिकी दर्ज कर घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

तालाब में नाग-नागिन का जोड़ा देखने दूर-दूर से पहुंच रहे लोग

## नाग के डंसने से हुई मौत फिर भी दूध पिलाने भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

जिला मुख्यालय पास ग्राम चारपारा में पखवाड़ेभर से गांव के तालाब में नाग-नागिन का जोड़ा देखने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। दूर-दूर से लोग तालाब में नाग नागिन के जोड़े को देखने पहुंच रहे हैं।

हाल ही में इस नाग ने गांव के एक व्यक्ति को डंस लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी, इसके बावजूद गांव के लोग नाग-नागिन को दूध पिलाने और आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाग नागिन का जोड़ा तालाब में घूमता रहता है, ▶▶ शेष पेज 6 पर

### तालाब पास मंदिर बनाने की चर्चा





ग्राम चारपारा स्थित जिस तालाब में विगत कई दिनों से नाग नागिन का जोड़ा दिखाई दे रहा है और लोग नाग देवता को अपने हाथों में रखे कटोरी, गिलास में दूध पिला रहे हैं, इसके बावजूद किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया जा रहा है, इसे दैवीय चमत्कार माना जा रहा है। इसी बीच गांव वालों के बीच चर्चा है कि अब तालाब किनारे एक मंदिर का निर्माण कराया जाएगा।

### जलीय सांप जहरीले नहीं होते

जानकारी के अनुसार जल में रहने वाले ज्यादातर सांप जहरीले नहीं होते हैं। जल में रहने वाले सांप यदि किसी को काट भी लें तो इससे आदमी मरता नहीं है। काटे गए स्थान पर सूजन आ सकती है, ऐसे में ग्राम चारपारा के तालाब में कई दिनों से मौजूद सांप जिसे नाग नागिन का जोड़ा कहा जा रहा है, उसके काटने से ग्राम के एक ग्रामीण की मौत कैसे हो गई। वहीं ग्राम चारपारा के तालाब में कई दिनों से ▶▶ शेष पेज 6 पर






हरिभूमि रण भूमि लोकसभा सत्ता संग्राम-2024



लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वायनाड सीट पर वोटिंग के बाद रायबरेली से भी चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किया था। राहुल के दो सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर काफी चर्चा है और इसके चलते ही यह सवाल भी उठने लगे हैं कि आखिर एक नेता एक चुनाव में कितनी सीटों से चुनाव लड़ सकता है। वहीं खास बात यह भी है कि एक पूर्व पीएम ऐसे भी रहे थे जो कि तीन लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ चुके थे। इसके अलावा यह भी दिलचस्प बात है कि पीएम मोदी भी 2014 में दो लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े थे।

## अनेक नामवर नेताओं ने लड़ा है एक से अधिक सीटों पर इलेक्शन

### नया नहीं है यह चलन

यह पहला मौका नहीं है जब कोई प्रत्याशी एक से अधिक सीट से चुनावी मैदान में है। यह चलन कोई नया नहीं है, देश में इससे पहले कराए गए चुनावों में भी लोग एक से अधिक सीटों से नामांकन करते रहे हैं। खास बात यह है कि राहुल गांधी के अलावा ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी ओडिशा विधानसभा की दो सीटों कांताबांजी और हिन्जिली विधानसभा सीटों से नामांकन दाखिल किया है।

### चुनाव लड़ने के नियम

देश में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत पहले किसी प्रत्याशी के चुनाव लड़ने की कोई निर्धारित सीमा नहीं थी उम्मीदवार कई सीटों से चुनाव लड़ सकता था, लेकिन बाद में इस नियम में बदलाव कर दिया गया और इसे 2 सीटों तक सीमित कर दिया गया।

# देवीलाल ने तीन अलग-अलग राज्यों की तीन सीटों से लड़ा था चुनाव

दो सीटों से चुनाव लड़ने वाले बड़े नेता



### इंदिरा गांधी

इमरजेंसी के बाद हुए 1977 के लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी चुनाव हार गई थीं और इसीलिए लोकसभा चुनाव 1980 में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था। वह तेलंगाना के मेडक और रायबरेली दो सीटों से चुनावी मैदान में थीं। इंदिरा ने दोनों सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद मेडक सीट दर्ज कर दी थी।



### पीएम नरेंद्र मोदी

साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा और उत्तर प्रदेश के वाराणसी से आम चुनाव लड़ा था। न्होंने दोनों सीटें जीत लीं थी लेकिन बाद में उन्होंने वाराणसी सीट बरकरार रखी थी।



### चौधरी देवीलाल

1989 के लोकसभा चुनाव में पूर्व डिप्टी पीएम देवीलाल ने तीन अलग-अलग राज्यों की तीन सीटों (हरियाणा की रोहतक, राजस्थान की सीकर और पंजाब की फिरोजपुर सीट) से चुनाव लड़ा था।



### सोनिया गांधी

1999 में कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी दो सीटों से चुनाव लड़ा था। सोनिया एक तरफ जहां परंपरागत सीट अमेठी से चुनावी मैदान में थीं, तो दूसरा नामांकन उन्होंने कर्नाटक की बेल्लारी लोकसभा सीट से किया था। सोनिया दोनों ही सीटों से चुनाव जीतकर संसद पहुंची थीं और उन्होंने बेल्लारी सीट छोड़ दी थी।



### लालकृष्ण आडवाणी

पूर्व डिप्टी पीएम की लाल कृष्ण आडवाणी ने भी 1991 लोकसभा चुनाव के दौरान दो सीटों से चुनाव लड़ा था। आडवाणी ने गुजरात की गांधी नगर और दिल्ली की नई दिल्ली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। उन्हें दोनों ही सीटों पर जीत मिली थी। आडवाणी ने बाद में नई दिल्ली सीट छोड़ दी थी।



### अटल बिहारी वाजपेयी

राहुल गांधी के दो सीटों पर चुनाव लड़ने पर तंज कसने वाली बीजेपी के संस्थापक नेता और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपयी ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत में तीन लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ा था। साल 1957 लोकसभा चुनाव के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी ने यूपी की तीन लोकसभा सीटों पर अपनी दावेदारी की थ। इसमें मथुरा, बलरामपुर और लखनऊ की सीट थी।

## सोशल मीडिया

### भाजपा है गुमराह पार्टी, न कोई नीति, न नीयत : कमलनाथ



**भोपाल।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भाजपा को गुमराह पार्टी बताते हुए कहा है कि भाजपा की विभिन्न वर्गों के लिए न तो कोई नीति है और न ही नीयत। कमल नाथ ने एक्स पर लिखा, "भाजपा का नेतृत्व देश के किसान, नौजवान, महिलाओं, सरकारी कर्मचारी, दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक या किसी वर्ग के बारे में कोई भी नीति या नीयत स्पष्ट नहीं कर पा रहा है। ऐसी गुमराह पार्टी से देश की रक्षा करने भारत के नागरिक तैयार हैं। भाजपा शुरू से इस चुनाव को मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रही थी, अब खुद ही भटक गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को बहकाने का काम किया : टिकैत



**बाराबंकी।** भाकियू के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना पर तंज कसते हुये कहा कि देश की सरहद की सुरक्षा करने वाले अग्निवीरों को सिर्फ चार साल अपनी योग्यता दिखाने के लिये मिलते हैं वहीं दूसरी ओर नेतावीर 80 साल की उम्र में भी न सिर्फ चुनाव लड़ सकते हैं बल्कि पेंशन और अन्य सुविधाओं का भी लाभ उठाते हैं। आज किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन महंगाई जरूर दोगुनी हो गई है। राजा का काम है बहकाना। ठीक उसी तरह प्रधानमंत्री मोदी ने भी जनता को बहकाने का काम किया।

## पुणे कांग्रेस अध्यक्ष का वोट किसी और ने डाला, मचा बवाल

आपत्ति उठाने के बाद कर सके 'टेंडर वोट'



पुणे। देश की 96 लोकसभा सीटों पर चौथे चरण के लिए वोटिंग जारी है। महाराष्ट्र की 11 लोकसभा सीटों पर भी वोटिंग हो रही है। इस बीच एक हैरान कर देने वाला वाक्या सामने आया है। महाराष्ट्र की पुणे लोकसभा सीट पर भी वोटिंग हो रही है और यहां पर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष का वोट किसी और ने दे दिया। जब पुणे शहर कांग्रेस प्रमुख अरविंद शिंदे सोमवार को रास्ता पेठ के सेंट मीरा इंग्लिश मीडियम स्कूल में मतदान केंद्र पर पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि उनका नाम मतदाता सूची में था, लेकिन किसी ने पहले ही वोट डाल दिया था। शिंदे ने कहा कि इसका पता चलने के बाद उन्होंने इस पर आपत्ति जताई और बाद में उन्हें 'टेंडर वोट' प्रक्रिया का उपयोग करके मतदान करने की अनुमति दी गई।

### क्या होता है टेंडर वोट?

चुनाव संचालन नियम, 1961 की धारा 49P के अनुसार टेंडर वोट वह वोट है जिसे मतपत्र पर डालने की अनुमति तब दी जाती है जब एक मतदाता को पता चलता है कि किसी ने पहले ही उसके नाम पर वोट दिया है। ये वोट मतपत्रों के जरिये डाले जाते हैं और सील करके बंद कर दिए जाते हैं। ये वोट तब उपयोगी होते हैं जब जीतने वाले उम्मीदवार और उपविजेता के बीच अंतर कम होता है। हालांकि यदि अंतर बड़ा है, तो टेंडर वोटों की गिनती नहीं की जाती है।

## फिर गुस्से में तेजप्रताप, मंच से कार्यकर्ता को दिया धक्का



### मीसा भारती ने हाथ पकड़कर कराया शांत

पटना। पाटलिपुत्र सीट से आरजेडी उम्मीदवार मीसा भारती के नामांकन के बाद आयोजित कार्यक्रम में मंच पर ही सोमवार को तेज प्रताप यादव ने एक कार्यकर्ता को जोरदार धक्का दे दिया। तेज प्रताप का यह रूप देख मंच पर मौजूद लोग हक्के बक्के रह गए। इसके बाद मंच पर मौजूद अन्य नेताओं ने मामले को संभाला और उस कार्यकर्ता को तुरंत पीछे ले गए। इस वाकये का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद तेज प्रताप ने अपने एक्स (एक्स) हैंडल पर ट्वीट कर सफाई भी दी और धक्का देने का कारण बताया है। तेज ने एक्स लिखा है कि कि मेरा हाथ पहले से जख्मी है। इसी बीच मेरी मां और राजद प्रत्याशी डॉ. मीसा भारती के बीच आकर एक शख्स धक्का दे रहा था। आगे जाने के लिए मुझे धक्का देने पर मुझे असहाय दर्द हुआ। इस कारण उन्हें साइड करने के लिए मैंने हटाया। किसी को आहत करना मेरी मंशा नहीं थी।

### पहले भी की थी अभद्रता

आज की घटना से पहले पिछले साल अगस्त में गोपालगंज में एक कार्यकर्म के दौरान ऐसे ही उन्होंने एक कार्यकर्ता को धक्का दे दिया था। उसके बाद उसका गला दबाने लगे थे। उस वक्त भी वह अपनी मां राबड़ी देवी और पिता लालू प्रसाद यादव के साथ थे। तेज प्रताप के इस बर्ताव का वीडियो उस वक्त खूब वायरल हुआ था। बाद में तेज प्रताप ने उस युवक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई थी।

दोनों दलों की घेराबंदी कर कांग्रेस चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटी

# ओडिशा सियासी चक्रव्यूह में आमने-सामने भाजपा और बीजद!

*ओडिशा में सत्तारूढ़ दल बीजू जनता दल के तिलिस्म को तोड़ने के लिए राजनीतिक दलों में प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। ओडिशा की सियासत में दोस्ती करके कांग्रेस को पछाड़ने वाले बीजद व भाजपा में इस बार चुनावी गठबंधन परवान नहीं चढ़ सका है। इसलिए भाजपा ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बीजद की दो तरफा घेराबंदी करके ऐसा सियासी चुनावी चक्रव्यूह रचा है, जिसका मकसद लोकसभा में अधिकांश सीटों पर जीत हासिल करने के साथ ही भाजपा विधानसभा चुनाव में भी बीजद को पटखनी देना है, लेकिन पिछले ढाई दशक से सत्तारूढ़ बीजद का गढ़ बन चुके ओडिशा में किसी भी दल के लिए सियासी चुनौती देने की डगर आसान नहीं होगी?*

### लेफ्ट, बसपा, आप जैसे दलों ने भी कुछ सीटों पर लगाया है दांव

ओपी पाल ▸▸ नई दिल्ली



सियासी गलियारों में चर्चा है कि बीजद भी प्रतिद्वंद्वी दलों के खिलाफ नई चुनावी रणनीति के साथ अपने सियासी वर्चस्व को बरकरार रखने के लिए मजबूती के साथ चुनावी जंग के मैदान हैं। ओडिशा के इस चुनाव में भाजपा और बीजद के साथ सीधा मुकाबला होने के आसार है, लेकिन कांग्रेस भी दो हजार के दशक से पहले की सियासी जमीन पर वापसी करने के इरादे इस चुनावी जंग को त्रिकोणीय बनाने का भरकस प्रयास कर रही है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को ओडिशा के पहले दौर के चुनाव में चार लोकसभा और 28 विधानसभा सीटों पर मतदान हो चुका है, आगे की चरण बाकी है। इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कर रही कांग्रेस ने भी इस बार ओडिशा में चुनावी रण में अपने पुराने वर्चस्व को हासिल करने के इरादे से भाजपा और बीजद को चुनौती देने की आक्रमक रणनीति तैयार की है। मसलन ओडिशा में लोकसभा चुनाव में भाजपा और बीजद ने सभी 21 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, तो वहीं कांग्रेस ने 20 प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है और एक सीट अपने सहयोगी दल झामुमो को दी है। हालांकि ओडिशा में सीपीआई, सीपीआईएम, एआईएफबी, बसपा व आप जैसे दलों ने भी सियासी जमीन तलाशने के लिए कुछ सीटों पर अपने प्रत्याशियों पर दांव खेला है।

### ये रहा चुनावी इतिहास

ओडिशा राज्य की 21 लोकसभा सीटों के लिए बारहवीं लोकसभा के लिए 1998 में पहली बार भाजपा व बीजद ने मिलकर चुनाव लड़ा, जिसमें बीजद नौ व भाजपा सात सीटों पर जीतकर आया तो यहां से कांग्रेस का वर्चस्व कम होने लगा। इसके बाद दोनों दलों ने गठबंधन के साथ तीन और चुनाव लड़े और दोनों के सियासी जनाधार में सुधार आया, तो यह बीजद का गढ़ बन गया। साल 2014 में पहली बार दोनों दलों ने अलग चुनाव लड़ा, तो बीजद का सबसे ज्यादा 20 सीटे मिली और बाकी एक सीट भाजपा के खाते में गई। जबकि पिछले 2019 चुनाव में भाजपा ने आठ सीट जीतकर वापसी की और कांग्रेस को एक सीट पर संतोष करना पड़ा। इससे पहले ओडिशा के लोकसभा चुनावों में साल 1967,1977 और 1989 के चुनाव छोड़कर ज्यादातर चुनाव में कांग्रेस ही सिरमौर रही है, जिसे आखिरी बार 1996 के चुनाव में दहाई के अंक में सीटे मिली, लेकिन उसके इससे पहले चुनाव तक एक सीट पर आकर सिमट गई। फिलहाल ओडिशा में लोकसभा की 21 में बीजद 12, भाजपा आठ और कांग्रेस एक सीट पर काबिज है। जबकि विधानसभा की 147 सीटों में से बीजद के 112, भाजपा के 23 तथा कांग्रेस के नौ विधायक हैं।

### राज्य में तकरीबन साढ़े तीन करोड़ मतदाता

राज्य में कुल वोटरों की संख्या 3,36,46,762 है, जिनमें 1,70,39,900 पुरुष, 1,66,03,401 महिला तथा 3]461 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस चुनाव में 18-19 आयु वर्ग के 7,99,334 युवा मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे। इनके अलावा ओडिशा में 5.20 लाख दिव्यांग, तीन लाख 85 साल से अधिक आयु के बुजर्गो के अलावा सौ साल से अधिक आयु के नौ हजार मतदाता भी मतदान करेंगे।

### ओडिशा में जातीय समीकरण

ओडिशा में 94 प्रतिशत आबादी हिंदू, जिसमें 40 प्रतिशत एससी और जनजातीय आबादी शामिल है। जबकि राज्य में 2 प्रतिशत आबादी मुस्लिम और 3 प्रतिशत आबादी ईसाई आबादी है। लेकिन यहां की सियासत पर 5 प्रतिशत ब्राह्मणों और पटनायकों यानी करण-कायस्थ का लंबे समय सिक्का जमा हुआ है और यहां की सत्ता में पिछड़ों और एससी की हिस्सेदारी नाम मात्र ही कही जा सकती है। इसलिए ओडिशा में जाती या धर्म की सियासत के कोई मायने नहीं रखते।

### चार चरणों में होगा चुनाव

**पहला चरण (13 मई):** कालाहांडी, नबरंगपुर, बेरहामपुर, कोरापुट लोकसभा के साथ 28 विधानसभा सीट।

**दूसरा चरण (20 मई):** बरगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल, अस्का लोकसभा के साथ में 35 विधानसभा सीट।

**तीसरा चरण25 मई):** संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, पुरी, भुवनेश्वर, कटक लोकसभा के साथ में 42 विधानसभा सीट।

**चौथा चरण (01 जून):** मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर लोकसभा के साथ में 42 विधानसभा सीट।

कांग्रेस की परमाणु बम वाली सलाह पर बोले प्रधानमंत्री

# 'इंडिया' को सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखाई देता है : मोदी

एजेंसी ▸▸ मुजफ्फरपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मुजफ्फरपुर में आयोजित चुनावी सभा के दौरान विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि ये लोग इतने डरे हुए हुए हैं कि इन्हें रात को सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखाई देता है। इंडिया गठबंधन के नेताओं के कैसे बयान सामने आ रहे हैं। कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अरे भाई, पहना देंगे। पीएम मोदी ने कटाक्ष करते हुए आगे कहा कि उनको आटा भी चाहिए, बिजली भी नहीं है। अब हमको मालूम नहीं था कि उनके पास चूड़ियां भी नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि ये देश का चुनाव है, हिंदुस्तान का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। देश कांग्रेस वाली कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता है।

### कैसा पुलिसवाला पसंद?

पीएम ने लोगों से सवाल किया, क्या आप मोहल्ले में ढीला-ढाला पुलिसवाला पसंद करते हैं? टीचर भी मजबूत चाहते हैं। फिर देश का प्रधानमंत्री मजबूत होना चाहिए कि नहीं? डरपोक प्रधानमंत्री देश चला सकता है क्या? ये इतने डरे हुए हैं कि इन्हें सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखता है। ऐसी पर्टियां, ऐसे नेताओं को देश दे सकते हैं क्या? कोई मुम्बई हमले में पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहा है, कोई सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर सवाल उठा रहा है। ये लेफ्टवाले तो भारत के परमाणु हथियारों को ही खत्म करना चाहते हैं। ऐसा लगता है जैसे इंडी गठबंधन वालों ने भारत के खिलाफ ही किसी से सुपारी ले ली है।

रायबरेली में बोले कांग्रेस नेता

# देश के जवानों की पेंशन अदाणी को दे रही है मोदी सरकार : राहुल

एजेंसी ▸▸ रायबरेली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी वायनाड के बाद अब रायबरेली लोकसभा से चुनावी मैदान में हैं। वह आज रायबरेली पहुंचे हैं जहां उन्होंने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि अग्नीवीर योजना देश के युवाओं के साथ खिलवाड़ है। साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि वह रायबरेली इसलिए चुनाव लड़ने आए है क्योंकि रायबरेली उनकी दोनों माताओं की कर्मभूमि है। इस दौरान कांग्रेस नेता ने कांग्रेस के घोषणा पत्र से जुड़े कुछ वादों को भी जनता के सामने रखा।

'देश पर थोपी गई है अग्निवीर योजना': गांधी ने कहा,"नरेंद्र मोदी ने देश पर अग्निवीर योजना थोपी है। क्योंकि वह चाहते हैं कि जो पैसा जवानों के पेंशन में जाता है। जवानों की कैंटीन में जाता है। वो पैसा अदाणी को डिफेंस सौदे के तहत मिल जाए। यह सच्चाई है।"

### पत्रकार की पिटाई का मुद्दा उठाया

राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह की मीटिंग में पत्रकार की पिटाई का मुद्दा एक फिर रायबरेली में उठाया। कांग्रेस नेता ने कहा,"कल अमित शाह की मीटिंग में एक पत्रकार की बीजेपी वालों ने पिटाई कर दी, मतलब अपने ही दोस्त को मार दिया। क्यों मारा क्योंकि उसने पूछा था कि भैया भीड़ को कितना पैसा मिला था मीटिंग में आने के लिए। शायद ये मीडिया वालों में एक ऐसा पत्रकार होगा जो अच्छा होगा, जो सवाल कर रहा होगा, उसकी पिटाई कर दी गई। ये बीजेपी की सच्चाई है।"

## देश के वो दिग्गज नेता जो लोकसभा सांसद न होने के बावजूद बन गए प्रधानमंत्री

# दस साल तक राज्यसभा सदस्य रहते पीएम पद पर काबिज रहे मनमोहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

देश 18वीं लोकसभा के लिए अपने सांसदों को चुनने की प्रक्रिया में है। तीन चरणों की वोटिंग के बाद एक तरफ जहां विपक्षी दल अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, तो दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने तक के दावे करने लगे हैं। सत्ताधारी गठबंधन एनडीए 400 सीटों तक के दावे कर रहा है, लेकिन इस देश ने वो दौर भी देखा है जबकि लोकसभा सदस्य न होने के बावजूद कोई नेता प्रधानमंत्री बना हो। इस लिस्ट में कई दिग्गज नेता भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री बनने की एक बड़ी शर्त यह है कि कि पीएम पद का दावेदार संसद के दोनों सदनों यानी लोकसभा या राज्यसभा का सदस्य हो और इसी के चलते कई ऐसे दिग्गज नेता हुए जो कि लोकसभा के सदस्य नहीं थे, लेकिन वो राज्यसभा के रास्ते देश के प्रधानमंत्री बन गए थे। कांग्रेस नेता और पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के नाम रिकॉर्ड हैं कि वे दस साल तक राज्यसभा सदस्य रहते हुए ही प्रधानमंत्री पद पर काबिज रहे थे।



### इंदिरा गांधी के नाम है रिकॉर्ड

देश की पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस की दिग्गज नेता इंदिरा गांधी के नाम रिकॉर्ड है कि वह पहली ऐसी नेता थीं, जो कि लोकसभा सांसद न होने के बावजूद देश की प्रधानमंत्री बनी थीं। साल 1966 में पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री का अचानक निधन हो गया था, तब इंदिरा राज्यसभा सांसद थीं और उन्होंने पीएम पद की शपथ ली थी। हालांकि 1967 में वह चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंच गईं थीं।

### देवगौड़ा भी रहे थे राज्यसभा से प्रधानमंत्री

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा दूसरे प्रधानमंत्री थे, जो कि राज्यसभा के सदस्य थे। उन्होंने 1996 के लोकसभा चुनावों के बाद संयुक्त मोर्चा की पहली सरकार का नेतृत्व किया था। देवेगौड़ा करीब एक साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे थे। इसके बाद जब संयुक्त मोर्चा के घटक दलों के बीच नेतृत्व को लेकर आपसी सहमति नहीं रही तो, देवेगौड़ा के नाम पर सभी ने हामी भरी थी। देवेगौड़ा पीएम बनने के बाद राज्यसभा के सदस्य बने थे, क्योंकि उससे पहले वह कर्नाटक के सीएम थे। खास बात यह है कि उस दौरान पश्चिम बंगाल के पूर्व पीएम ज्योति बसु को भी पीएम बनाने पर सहमति बन गई थी, मगर वामदलों ने ही इस प्रस्ताव को नकारते हुए ज्योति बसु के पीएम बनने पर ब्रेक लगा दिया था।

### इंद्र कुमार गुजराल बने थे राज्यसभा से आने वाले तीसरे पीएम

एचडी देवेगौड़ा की सरकार गिरने के बाद संयुक्त मोर्चा की दूसरी सरकार के प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल बनाए गए थे। वह पीएम बनने से पहले राज्यसभा से सांसद थे और देवगौड़ा की ही सरकार में मंत्री भी थे। गुजराल ने जब पीएम की कुर्सी संभाली थी तब वह राज्यसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।


### मनमोहन सिंह के नाम है सबसे बड़ा रिकॉर्ड

गुजराल के बाद राज्यसभा से प्रधानमंत्री बनने वाले चौथे नेता पूर्व पीएम डॉक्टर मनमोहन सिंह थे। वे दस साल तक राज्यसभा सांसद रहे थे। राज्यसभा सदस्य रहते हुए पीएम बनने का रिकॉर्ड भी उनके ही नाम था। उन्होंने 2004 में यूपीए सरकार की कमान संभाली थी और वे 2014 तक पीएम रहे थे। दिलचस्प बात यह रही कि 15 वीं लोकसभा यानी 2009 के चुनाव में कांग्रेस ने मनमोहन सिंह के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा था, लेकिन वो खुद चुनाव नहीं लड़े थे।

रायपुर, मंगलवार 14 मई 2024 | बैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी | वर्ष : 22, अंक : 296 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | समाचार ही नहीं, विचार भी



टूरी हटरी में भगवान जगन्नाथ के लिए मुस्लिम कारीगर बना रहे भगवान का रथ



# 40 साल में पहली बार बदलेगा भगवान जगन्नाथ का रथ, 2500 किलो वजन, दुर्घटना से बचने ब्रेक और स्टीयरिंग की भी सुविधा

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी के इतिहास में पहली बार 40 सालों के बाद पुरानी बस्ती स्थित टूरी हटरी में भगवान जगन्नाथ के लिए नया रथ तैयार किया जा रहा है। इस बार रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र और सुभद्रा नए रथ में सवार होकर शहर भ्रमण करेंगे। वर्तमान में जिस रथ भगवान की यात्रा निकाली जाती है, वो 40 साल से भी पुराना है। हर साल मरम्मत के बाद इस्तेमाल ▶▶ शेष पेज 6 पर

## पुराना रथ हो चुका है खराब इसलिए मंदिर प्रबंधन नया रथ करवा रहा तैयार



### 60 फीसदी नीम की लकड़ी का उपयोग

कारीगर के मुताबिक भगवान का रथ नीम की लकड़ी से ही बनाया जाता है। रथ को टिकाऊ बनाने के लिए इसमें सरई का भी इस्तेमाल किया गया है। 80 फीसदी रथ नीम से बन रहा है। उन्होंने बताया कि रथ की ऊंचाई 17 फीट होगी और इसका कुल वजह 2500 किलो तक रहेगा। यह रथ 1000 किलो तक वजह उठा सकता है। रथ का 70 सालों तक इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके अलावा रथ में लोहे के चक्के लगे हुए हैं। रथ में चढ़ने के लिए अलग से सीढ़ी भी बनाई गई है। कारीगर हबीब गोंदिया और नागपुर में भी उत्कल समाज के लिए रथ बना चुके हैं।

### रथ में नई तकनीक का इस्तेमाल

रथयात्रा के दिन भारी भीड़ के कारण रथ को मोड़ने में दिक्कत होती है, इसलिए इस रथ में नई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। रथ में स्टीयरिंग की सुविधा मिलेगी, जिसे दो आदमी बड़ी आसानी से कहीं भी मोड़ सकते हैं। दुर्घटना से बचने के लिए इसमें ब्रेक की भी सुविधा रहेगी। लकड़ी में आकर्षक नक्काशी की जा रही है, जो रथ की शोभा बढ़ाएगी। कारीगर के मुताबिक हिंदू धर्म के मुताबिक रथ का निर्माण किया जा रहा है। 17 अप्रैल से रथ बनाने का काम शुरू किया है, जो मई में बनकर तैयार हो जाएगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### इंडिगो की फ्लाइट में शुगर फ्री खाना नहीं मिला



नई दिल्ली। इंडिगो की एक महिला पैसेंजर ने एयरलाइन स्टाफ पर डायबिटीज यात्रियों को शुगर वाला खाने खिलाने को मजबूर करने के आरोप लगाए और पूछा कि एविएशन मिनिस्टर क्या कर रहे हैं। भारत से सिएटल जाने वाली स्वाती सिंह ने 10 मई को एक्स पर पोस्ट में इंडिगो के साथ अपना बुरा अनुभव शेयर किया।

### अमेरिका में भी रिजेक्ट हो चुके एमडीएच के मसाले



नई दिल्ली। अमेरिकी नियामक के डाटा का रॉयटर्स ने विश्लेषण किया है, जिससे पता चला है कि लोकप्रिय भारतीय मसाला ब्रांड एमडीएच के कुछ मसाले बैक्टीरिया की मौजूदगी की वजह से जांच के दायरे में हैं। 2021 के बाद से इसके अमेरिकी शिपमेंट का औसतन 14.5 प्रतिशत बैक्टीरिया की मौजूदगी के कारण खारिज कर दिया गया।

### संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ नाकाम



नई दिल्ली। पाकिस्तान हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। हाल ही में एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन ने भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश की। हालांकि, जवानों ने तत्काल कार्रवाई कर ड्रोन पर जमकर गोलियां बरसाईं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब भारतीय क्षेत्र में संदिग्ध ड्रोन की गतिविधियां देखी गई हों। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर सेना के जवानों ने गोली चलाईं।

## लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 64 फीसदी से अधिक मतदान

# पश्चिम बंगाल में मतदान के दौरान फिर हिंसा आंध्र में मतदाता ने विधायक को मारा चांटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/कोलकाता

*लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में पश्चिम बंगाल और आंध्रप्रदेश में में हिंसा हुई। यहां भाजपा नेता दिलीप घोष की कार पर पथराव हुआ। बीती रात टीएमसी नेता की हत्या कर दी गई। इधर, आंध्रप्रदेश में एक मतदाता को विधायक ने चांटा मार दिया, इसके जवाब में मतदाता ने विधायक को थप्पड़ रसीद कर दी। इस बीच, एक महिला वोटर के बुर्के को हटाने को लेकर केस दर्ज हो गया है।*

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीट पर मतदान के दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुईं। हिंसा प्रभावित बीरभूम और बर्धमान-दुर्गापुर निर्वाचन क्षेत्रों के विभिन्न हिस्सों में तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबर है। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने दावा किया कि सभी क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान जारी है। आयोग के मुताबिक, विभिन्न राजनीतिक दलों ने 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) में खराबी और एजेंटों को मतदान केंद्रों में प्रवेश करने से रोकने के आरोप में अब तक 1,088 शिकायतें दर्ज कराई हैं। दूसरी तरफ, बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा सीट के सुसुनिया क्षेत्र में दोपहर के समय टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच तब झड़प हो गई जब भाजपा उम्मीदवार दिलीप ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 10 राज्यों की 96 सीटों पर 64 फीसदी मतदान

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की 96 लोकसभा सीट पर सोमवार को शाम 5 बजे तक 64 फीसदी से ज्यादा मतदान दर्ज किया गया। पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कुछ मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी की भी खबरें सामने आई हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक अपराह्न तीन बजे तक 52.60 फीसदी मतदान हुआ। सुबह सात बजे शुरू हुआ मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। अपराह्न तीन बजे तक जम्मू-कश्मीर में सबसे कम 29.93 प्रतिशत, जबकि पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 66.05 प्रतिशत मतदान हुआ।

### बंगाल में टीएमसी कार्यकर्ता की बम मारकर हत्या पर बवाल भाजपा नेता दिलीप घोष के साथ धक्का मुक्की, कार पर पथराव



### यहां जमकर चले लात-घूंसे

आंध्र प्रदेश के गुंटूर में एक विधायक ने लाइन में खड़े मतदाता को थप्पड़ जड़ दिया। बदले में मतदाता ने भी विधायक को तमाचा मारा। इसके बाद विधायक के समर्थकों ने पोलिंग बूथ के अंदर ही मतदाता पर हमला कर दिया। मारपीट का यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

### बुर्का हटवाया, माधवी पर केस दर्ज

हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के. माधवी लता की मुसीबत कम होती नहीं दिख रही है। एक वीडियो क्लिप सामने आने के बाद चुनाव अधिकारियों ने तेलंगाना की हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के माधवी लता के खिलाफ मामला दर्ज किया। वीडियो में वह बुर्का पहने महिला मतदाताओं से कथित तौर पर चेहरा दिखाने के लिए कह रही थीं।

## मुंबई में बेमौसम बारिश, उड़ानें बाधित

# आंधी-तूफान के साथ बारिश बनी आफत, नौ की मौत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई में अचानक से मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में घने बादल छाने के बाद धूल भरी आंधी और बारिश शुरू हो गई। यहां दिन के समय अंधेरा छा गया और तेज हवाओं के साथ तापमान नीचे गिर गया। होर्डिंग के नीचे दबने से 9 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए हैं। करीब 78 लोगों का रेस्क्यू किया गया। आंधी के साथ बेमौसम बारिश के चलते हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन एक घंटे के लिए निलंबित कर दिया गया। लोकल ट्रेन का परिचालन भी प्रभावित हुआ है। मुंबई हवाई अड्डा संचालक ने कहा कि कम से कम 15 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। रनवे पर परिचालन शाम 5.03 बजे फिर से शुरू हो गया। एक बयान में कहा गया, शहर में खराब मौसम और आंधी के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कम दृश्यता और तेज हवाओं के कारण करीब 66 मिनट के लिए उड़ान परिचालन को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

### पेट्रोल पंप पर गिरा 100 फुट लंबा होर्डिंग

मुंबई के घाटकोपर इलाके में धूल भरी आंधी और बारिश के दौरान एक पेट्रोल पंप पर 100 फुट लंबा अवैध होर्डिंग गिरने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 70 अन्य घायल हो गए। एक अन्य घटना में, वडाला इलाके में तेज हवाओं के दौरान निर्माणाधीन मेटल पार्किंग टावर सड़क पर गिर गया, जिससे तीन लोग घायल हो गए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

### 15 उड़ानें डायवर्ट

परिचालन फिर से शुरू होने तक हवाई अड्डे पर 15 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। सुरक्षित और सुचारू विमान संचालन सुनिश्चित करने के लिए हवाई अड्डे ने मानसून से पहले रनवे के रख रखाव का काम पिछले सप्ताह ही पूरा कर लिया था। बारिश से मुंबई और उसके आसपास के इलाकों के निवासियों को गर्मी से राहत मिली, वहीं मौसम में अचानक बदलाव के कारण यातायात पर खासा असर पड़ा।

# फिर 50 से अधिक स्कूलों में बम विस्फोट की धमकी

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर के 50 से अधिक स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिये मिली। इससे दोपहर तक पुलिस प्रशासन व अभिभावकों में हड़कंप की स्थिति मची रही। हालांकि, पुलिस के अनुसार जांच में कहीं से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। शहर के स्कूलों को यह धमकी जयपुर में सिलसिलेवार बम धमाकों की 16वीं बरसी पर दी गई। साल 2008 में आज ही के दिन जयपुर में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे जिसमें 71 लोगों की मौत हो गई थी और 180 अन्य घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार जयपुर के 56 स्कूलों को स्कूल भवनों में विस्फोटक होने संबंधी ईमेल मिला।

■ दिल्ली में स्कूल और अस्पताल के बाद राजस्थान में मिली धमकी

### प्रधानाचार्य को भेजे गए धमकी वाले ईमेल

पुलिस के अनुसार धमकी वाले ईमेल संदेश इन स्कूलों के प्रधानाचार्य को भेजे गए। सोमवार सुबह जैसे ही स्कूल प्रशासन ने यह ईमेल देखा, पुलिस को सूचित किया गया और छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बाहर निकाल लिया गया। शहर के पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि पुलिस दल, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्तों को स्कूलों में भेजा गया।

# महाराष्ट्र फोर्स को बड़ी सफलता, पेरमिली दलम के खूंखार तीन नक्सलियों का सफाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

बस्तर तथा महाराष्ट्र में लगातार नक्सल मोर्चे पर मिल रही एक के बाद एक कामयाबी के बीच मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले से सटे महाराष्ट्र के गढचिरौली एंटी नक्सल यूनिट को फिर से आज एक और बड़ी सफलता मिली है। गढ़चिरौली एंटी नक्सल यूनिट सी 60 तथा सीआरपीएफ के संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में तीन हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया है। नक्सल सेल से मिली जानकारी के अनुसार पेरमिली दलम के तीन खूंखार नक्सलियों को आज गढ़चिरौली जिले ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ शव के साथ एक-47, कार्बाइन, घातक हथियार बरामद



### घातक हथियार बरामद

एक एके-47, एक कारबाईन एक इंसास रायफल और अन्य स्फोटक सामग्री के साथ माओवादी साहित्य बड़े पैमाने पर बरामद करने में पुलिस बल को सफलता हासिल हुई हैं।

### इन्हें मार गिराया गया

वासु समर कोरचा, पूर्व बस्तर एरिया डीव्हीसीएम एवं पेरमिली दलम - कमांडर, रेश्मा मडकाम, उम्र 25 साल, बस्तर एरिया, कमला मांडवी, उम्र 24 साल दक्षिण बस्तर की मुठभेड़ में मौत हुई है।

# बद्रीनाथ में भारी विरोध के बाद वीआईपी दर्शन खत्म

एजेंसी ▶▶| जोशीमठ



बद्रीनाथ धाम में भारी विरोध प्रदर्शन के बाद बीकेटीसी की ओर से शुरू की गई वीआईपी दर्शन व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब सिर्फ वही लोग वीआईपी दर्शन कर पाएंगे, जिनके लिए सरकार की ओर से प्रोटोकॉल जारी किया गया होगा। हालांकि, स्थानीय लोगों को मंदिर में आने-जाने पर किसी तरह की रोक नहीं रहेगी। सोमवार सुबह बद्रीनाथ धाम में पंडा समाज, तीर्थ पुरोहित, होटल व्यवसायी और स्थानीय लोग वीआईपी व्यवस्था समाप्त करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, तभी कुछ देर बाद बामणी गांव की महिलाएं भी वहां पहुंच गईं। इसके बाद स्थानीय लोगों ने साकेत तिराहे पर जिला प्रशासन और बीकेटीसी के खिलाफ नारेबाजी की।

### आम श्रद्धालुओं को राहत

जिस कुबेर गली से वीआईपी को अंदर भेजा जाता है, वहां पर सुबह ही स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे सोमवार को कोई भी वीआईपी मंदिर परिक्रमा स्थल तक नहीं जा पाया। हालांकि, बाद में लोग साकेत तिराहे पर प्रदर्शन करने आ गए। किसी को भी वीआईपी दर्शन के लिए नहीं भेजा गया।

## अफसरों के वाहन पर वित्त ने कसी लगाम, पेट्रोल-डीजल की लिमिट भी तय

# सचिव और कलेक्टर 12 लाख तक, एचओडी साढ़े आठ लाख से ज्यादा की गाड़ी नहीं ले पाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने सरकारी अफसरों के लिए वाहन की पात्रता और खरीदी के मामले में नकेल कसी है। सरकार के ताजा आदेश के मुताबित अब सचिव या सचिव से उच्च स्तर के अधिकारी, जिला न्यायाधीश, जिला कलेक्टर-एसपी स्तर के अधिकारियों के लिए 12 लाख तक की गाड़ी ही खरीदी जा सकेगी। इसके साथ ही अब सरकारी अधिकारियों पर अपने कार्य क्षेत्र के बाहर वाहन ले जाने पर प्रतिबंध होगा। अधिकारियों की गाड़ियों के लिए पेट्रोल-डीजल की लिमिट तय की गई है। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 12 लाख से अधिक की गाड़ी नहीं खरीद सकते

वित्त विभाग ने वाहन उपयोग करने वाले प्राधिकारी के आधार पर नए वाहन खरीदने के लिए वित्तीय सीमा तय की है। सरकार ने साफ किया है कि सचिव, सचिव से उच्च स्तर के अधिकारी, जिला न्यायाधीश, जिला कलेक्टर, एवं पुलिस अधीक्षक के उपयोग के लिए 12 लाख तक की गाड़ी खरीदी जा सकती ▶▶ शेष पेज 6 पर



### बिना काम के गाड़ी का उपयोग नहीं

वित्त विभाग ने ये कहा है कि शासकीय अधिकारियों द्वारा कार्य क्षेत्र के बाहर शासकीय वाहन को ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। विशेष परिस्थितियों में यह प्रतिबंध विभागाध्यक्ष द्वारा ही शिथिल किया जा सकेगा। वाहनों का मुख्यायलय एवं मुख्यालय के बाहर यात्रा करने पर प्रति लीटर औसत दूरी तय करने निर्धारण अधीक्षक स्टेट गैरेज द्वारा किया जाएगा। स्टेट गैरेज द्वारा ▶▶ शेष पेज 6 पर

### यात्रा भत्ता सीमित

वित्त विभाग ने एक अलग आदेश जारी कर शासकीय सेवकों की यात्रा एवं दैनिक भत्तों की दरों का पुनरीक्षण आदेश जारी किया है। हवाई यात्रा के लिए एचएजी वेतन मान प्राप्त करने वाले अधिकारी देश के अंदर एक्जीक्यूटीव क्लास से यात्रा के पात्र होंगे। वेतन लेवल 14 पे ग्रेड 7600 या इससे अधिक वेतन पाने वाले अधिकारी देश के अंदर इकोनॉमी क्लास से यात्रा के पात्र होंगे। वेतन लेबल 14 ग्रेड पे 7600 से कम वेतन प्राप्त करने वाले सभी अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी देश के अंदर विमान से इकॉनामी क्लास से ▶▶ शेष पेज 6

Are you interested in contributing to quality learning?
Azim Premji Foundation
Join Azim Premji Foundation as a Resource Person in school education.
Eligibility:
• Graduation with a minimum of 5 years teaching experience OR Postgraduation with a minimum of 2 years teaching experience.
• Candidates with relevant on-field experience in the social sector may also apply.
• Willingness to travel within the district/state.
• Language proficiency in Hindi and English.
Job location: Chhattisgarh
Test date: May 25, 2024
Last date: May 18, 2024
Scan or visit the link to know more.
To know more, visit https://bit.ly/rp-chhattisgarh
Apply Now!



## चिंतन

# चाबहार पोर्ट समझौता भारत की बड़ी उपलब्धि

चीन और ईरान के बीच बढ़ती दोस्ती के बीच भारत ने चाबहार पोर्ट के लिए दस वर्षीय दीर्घकालीन समझौता कर बड़ी कूटनीतिक सफलता पाई है। यह समझौता पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है। अब भारत पाकिस्तान को बायपास कर सीधे अफगानिस्तान, ईरान, मध्य एशिया व यूरोप तक पहुंच सकेगा। बीच आम चुनाव के दौरान हुए इस समझौते से भारत के लिए ईरान के चाबहार पोर्ट के महत्व को समझा जा सकता है। मुंबई पोर्ट से चाबहार पोर्ट तक जलमार्ग भारत के लिए यूरोप का द्वार खोलता है। भारत और ईरान ने चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। यह पहला मौका है जब भारत विदेश में स्थित किसी बंदरगाह का प्रबंधन अपने हाथ में लिया है। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है। इस बंदरगाह को भारत और ईरान मिलकर विकसित कर रहे हैं, लाभ अफगानिस्तान को भी होगा। चाबहार बंदरगाह 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा' (आईएनएसटीसी) परियोजना का एक प्रमुख लिंक है। आईएनएसटीसी परियोजना भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल-ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी एक बहुस्तरीय परिवहन परियोजना है। भारत ने वर्ष 2024-25 के लिए चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में, 23 मई, 2016 को चाबहार में निर्माण को लेकर रणनीतिक समझौता हुआ था। इसके बाद वर्ष 2018 में जब ईरान के तत्कालीन राष्ट्रपति हसन रुहानी नई दिल्ली आए तो चाबहार बंदरगाह पर भारत की भूमिका पर बातचीत हुई थी। जनवरी 2024 में जब विदेश मंत्री एस जयशंकर तेहरान में थे, तब भी यह मुद्दा उठा था। वर्ष 2016 से भारत चाबहार को विकसित कर रहा है, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंध के बाद से भारत की उदासीनता के चलते चाबहार डील की गति सुस्त हो गई थी। बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य में चीन की ईरान में बढ़ती दिलचस्पी से चाबहार पोर्ट समझौता पर भी ग्रहण लगता नजर आया, पर ईरान ने भारत के साथ अपने ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंधों को अधिक तवज्जो दिया और अंततः चाबहार समझौते का मार्ग प्रशस्त हुआ। भारत ईरान का बड़ा तेल खरीदार है। भारत ने हाल में जिस तरह सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात से अपने व्यापारिक रिश्ते मजबूत किए हैं और सऊदी अरब व ईरान में नजदीकी बढ़ी है, उसे देखते हुए ईरान के साथ भारत की व्यापारिक प्रगाढ़ता से मध्य एशिया व खाड़ी क्षेत्र में नई दिल्ली की पैठ बढ़ेगी। ईरान प्राकृतिक गैस का बड़ा निर्यातक है। अरब सागर, अदन की खाड़ी व लाल सागर में भारतीय नौसैनिक बहुत मजबूत है, इसलिए इन क्षेत्र के देशों से भारत के अच्छे रिश्ते भारत के लिए अच्छा है। इस समझौते से भारत को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के साथ-साथ चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को भी काउंटर करने में मदद मिलेगी। कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे संसाधन संपन्न मध्य एशियाई देश हिंद महासागर क्षेत्र और भारतीय बाजार तक पहुंचने के लिए चाबहार का उपयोग करना चाहते हैं। यह समझौता भारत की प्रगति के लिए बड़ी उपलब्धि है।



विश्लेषण
आर.के. सिन्हा

# संगठन-सरकार में रणनीति के 'शाह'

**अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। गृहमंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। अमित शाह की सरपरस्ती में, आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने का वादा किया है।**

आज चार चरण के मतदान पूरे हो चुके हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग ने चार सौ पार का नारा दिया है। उसी अनुरूप भाजपा पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में है। ऊपर से लेकर नीचे तक भाजपा का सांगठनिक ढांचा बेहद शिद्दत से चुनाव के लक्ष्य को अंजाम देने में जुटा है। भाजपा की तैयारी में सबसे अहम भूमिका पार्टी के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह निभाते हैं। अमित शाह राजधानी में अपने साउथ ब्लॉक के दफ्तर में जब काम करते होंगे, तब उनके जेहन में भी देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल का ख्याल अवश्य आता होगा। लौह पुरुष सरदार पटेल ने भी इसी साउथ ब्लॉक में बने गृह मंत्री कार्यालय से ही से देश की आंतरिक सुरक्षा को एक नई दिशा दी थी। वे भी बोलने में कम और काम करने में अधिक यकीन करते थे। अमित शाह का एक गुण यह भी है कि वे किसी अनावश्यक विवाद को खत्म करने में देर नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शायद सोचा होगा कि वे अमित शाह को देश का भावी प्रधानमंत्री बताकर एक विवाद खड़ा कर देंगे, पर उनकी यह मंशा सफल नहीं हुई, क्योंकि अमित शाह ने साफ कर दिया कि नरेन्द्र मोदी ही 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे।

अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा, लेकिन जो लोग उन्हें गुजरात के दिनों से जानते थे, वे बहुत हैरान नहीं हुए। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में भारतीय दंड विधान (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम को बदला गया। अमित शाह मानते हैं कि कोई भी कानून 50 साल के बाद पुराना हो जाता है। 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था।

आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे। नए आपराधिक कानून उनमें से एक को पूरा करते हैं। सरकार ने नए कानूनों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम दिया है। गृह मंत्री के रूप में अमित शाह को प्रधानमंत्री का विश्वास और पूरा भरोसा प्राप्त है। वास्तव में, जब कोई राजनीतिक या सरकारी मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष लाया जाता है, तो कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति से अमित शाह से भी सलाह लेने के लिए कहते हैं। 2019 में, गृहमंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। इसके लिए कुशल राजनीतिक सूझबूझ की आवश्यकता थी। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का पूरा समर्थन हासिल था। चार साल बाद, सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की वैधता को बरकरार रखा,



जो कि भाजपा ने भारत के अंतिम एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखा था।

अमित शाह 2019 के नागरिकता संशोधन अधिनियम ( सीएए) की पीछे प्रेरक शक्ति भी रहे हैं, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई - जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हैं - उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाए। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आशंका थी कि सीएए को विपक्ष मुद्दा बनाएगा। पर यह नहीं हुआ। इसकी बेशक एक बड़ी वजह यह रही कि अमित शाह देश के मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए कानून का उनसे कोई लेना-देना नहीं है। याद करें कि राजधानी के शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड के फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा। पर यह नहीं हुआ। गृह मंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा, पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे। सीएए, एनआरसी और धारा 370 जैसे मुद्दे कांग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया था और जल्दी ही यह हिंदू- मुस्लिम विवाद में बदला था। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए थे। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह पाक, अफगानिस्तान व बांग्लादेश से आए केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण के लिए मजबूर थे।

खैर, अमित शाह की सरपरस्ती में, आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। इस्लामिक स्टेट का उदय, पहले सीरिया और बाद में अफगानिस्तान में, चरमपंथी प्रवृत्ति वाले कई युवाओं को विदेशी जमीन में युद्ध लड़ने के लिए देश से बाहर जाते हुए देखा गया। इससे 2014 में कट्टरपंथ और ऑनलाइन ब्रेनवॉशिंग के नए खतरों के बारे में चिंता पैदा हुई थी, लेकिन गृह मंत्रालय और खुफिया एजेंसियां आज इनसे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड के नक्सल प्रभावित राज्यों में, सुरक्षा बल धीरे-धीरे उन क्षेत्रों में वापस आ रहे हैं जिन्हें कभी रेड जोन माना जाता था। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलवाद के खिलाफ हमारी जंग जारी रहेगी। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले नक्सलियों पर एक बहुत बड़ा ऑपरेशन हुआ, ऐसा पिछले साल दिसंबर महीने में भी देखने को मिला था। अमित शाह कह रहे हैं कि भाजपा के कमिटमेंट में कोई बदलाव नहीं आया है। फिर वो चाहे, नक्सलवाद के खिलाफ हो या आतंकवाद के खिलाफ। आतंकवाद और नक्सलवाद लोकतांत्रिक तरीके नहीं हैं और इन्हें समाप्ति कर देना चाहिए। केंद्र में भाजपा नीत राजग के तीसरी बार सत्ता में आने में अमित शाह की रणनीति की अहम भूमिका होगी।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार व पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## टेक अलर्ट
शिशिर शुक्ला



# बिंजवाचिंग की बढ़ती लत लोगों को बना रही बीमार

तकनीकी के इस दौर में लगभग प्रत्येक व्यवस्था का डिजिटल रूप भी अस्तित्व में आ चुका है। उदाहरण के तौर पर पढ़ाई से संबंधित तमाम कंटेंट ऑफलाइन तो उपलब्ध है ही, साथ ही वह डिजिटल रूप में ऑनलाइन भी विभिन्न प्लेटफॉर्मों के माध्यम से हमारे लिए सुलभ है। हम में से हर कोई यह भली-भांति जानता है कि ड्रग्स का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है किंतु फिर भी एक बड़ा वर्ग और विशेषकर युवा वर्ग ड्रग्स की गिरफ्त में बुरी तरह जकड़ा हुआ है। अचंभे की बात तो यह है कि डिजिटलीकरण ने ड्रग्स को भी नहीं छोड़ा और उनके डिजिटल स्वरूप को जन्म दे दिया। जी हां, मेरा आशय है डिजिटल ड्रग से। सुनकर बड़ा अटपटा लगता है और दिमाग में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से कौंधने लगता है कि आखिरकार यह क्या बला है। लेकिन यह एक कटुसत्य है कि युवाओं का एक बड़ा वर्ग डिजिटल ड्रग का आदी हो चुका है।

मामले को पूर्णतया समझने के लिए हमें यह जानना होगा कि डिजिटल ड्रग आखिरकार क्या है। जिस प्रकार ड्रग का इस्तेमाल लोग अपने मस्तिष्क को अल्पकालिक शांति अथवा प्रसन्नता का अनुभव कराने के लिए करते हैं, ठीक उसी तरह डिजिटल ड्रग का अर्थ है– ऐसे डिजिटल कंटेंट को देखने की लत लग जाना जो दिमाग को सुकून एवं खुशी का एहसास कराते हैं। इनमें कोई संगीत हो सकता है, कोई मूवी अथवा कोई वेब सीरीज भी हो सकती है। बहुत से ऐसे लोग हैं जो अगर एक बार वेबसीरीज देखना शुरू कर दें तो उनकी प्रवृत्ति कुछ यूं बन जाती है कि मानो सारे के सारे एपिसोड खत्म करके ही उनको चैन मिलेगा। आजकल ओटीटी प्लेटफार्मों पर वेबसीरीज की भरमार है। मूवी तो फिर भी दो से ढाई घंटे में खत्म हो जाती है लेकिन वेबसीरीज में अमूमन दस से लेकर बारह तक एपिसोड रहते हैं और प्रत्येक एपिसोड लगभग एक घंटे का होता है। इस हिसाब से एक वेबसीरीज को पूरी तरह से देखने के लिए लगभग दस घंटे चाहिए। अब अगर किसी के अंदर लगातार दस घंटे तक मोबाइल अथवा लैपटॉप में आंखें गड़ाकर पूरी वेबसीरीज को खत्म करने की लगन है, तो कहीं न कहीं उसे सचेत होने की जरूरत है, क्योंकि ये लक्षण एक विशेष तरह के एडिक्शन की तरफ इशारा करते हैं। जाहिर सी बात है कि लगातार दस घंटे तक मोबाइल फोन का प्रयोग करना स्वास्थ्य के लिए पूर्णतया घातक है।

लगातार कई घंटे तक टेलीविजन अथवा मोबाइल को देखते रहना तकनीकी शब्दकोश में बिंजवाचिंग कहलाता है। प्रायः हम सब ऐसा महसूस करते हैं कि अपने पसंदीदा संगीत को सुनने अथवा पसंदीदा मूवी एवं वेबसीरीज को देखने से हमें एक विशेष प्रकार की खुशी मिलती है। किंतु यह भी सत्य है कि इस प्रकार की खुशी सदैव क्षणिक अथवा अल्पकालिक होती है। ज्यों ही हम उस माहौल से बाहर निकलकर पुनः वास्तविकता के घेरे में प्रवेश करते हैं, हमारी मनःस्थिति पुनः परिवर्तित होने लगती है। दरअसल ऐसा इसलिए होता है कि जब हम पसंदीदा संगीत अथवा मूवी आदि पर अपना ध्यान पूर्णतया केंद्रित कर लेते हैं तो हमारे मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन स्रावित होता है। यह रसायन ही उस क्षणिक प्रसन्नता के लिए जिम्मेदार होता है। जैसे ही डोपामाइन का प्रभाव शांत होता है, हम पुनः उसी अवस्था में वापसी कर जाते हैं। यह क्रियाविधि हूबहू वैसी ही है जैसे कि नशे की दवाइयां अथवा इंजेक्शन की होती है। खास बात यह है कि डिजिटल ड्रग की लत के दुष्प्रभाव भी वैसे ही हैं जैसे कि नशे की दवाओं के। पहली बात तो यह कि घंटों मोबाइल फोन अथवा लैपटॉप का इस्तेमाल करते रहने से विकिरण की एक बड़ी मात्रा हमारे मस्तिष्क एवं आंखों के संपर्क में आती है। पूर्वी फिनलैंड विश्वविद्यालय में हुए एक शोध के अनुसार टीवी एवं मोबाइल पर एक सीमा से अधिक समय बिताना हृदय रोग, मोटापा, मधुमेह एवं रक्तचाप जैसी बीमारियों का कारण बनता है। इसके अतिरिक्त डिजिटल ड्रग एवं बिंजवाचिंग की लत के अनेक अन्य गंभीर दुष्परिणाम भी सामने आए हैं ,जैसे डिप्रेशन की समस्या, एंग्जायटी की समस्या, मूड स्विंग की समस्या इत्यादि। इसके अलावा जो लोग लगातार लंबे समय तक स्क्रीन से संपर्क बनाए रहते हैं उनके लिए अनिद्रा भी एक बेहद गंभीर समस्या बन जाती है। ये सारी समस्याएं ऐसी हैं जो अगर एक बार किसी के साथ लग गईं तो फिर इनसे पीछा छुड़ा पाना एक नितांत मुश्किल कार्य हो जाता है। कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि डिजिटल ड्रग की लत आज के समय में एक बेहद गंभीर मुद्दा बन चुका है। यदि समय रहते इसका निवारण न किया गया तो एक वक्त ऐसा भी आएगा जब यह जानलेवा बीमारियों का कारण बन जाएगा।

(लेखक विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय, मुमुक्षु आश्रम, शाहजहांपुर हैं।)

## मन की एकाग्रता जरूरी, चंचलता से भटकाव



संकलित
दर्शन

जिसने भी अपने मन को साध लिया उसके लिए हर लक्ष्य आसान हो जाता है। मन की एकाग्रता हमें हमारी आत्मा से साक्षात्कार कराकर हमारी सफलता के नए द्वार खोलती है। इसलिए आज से ही मन को साधने में जुट जाइए। मनुष्य के मन का स्वाभाविक गुण है चंचल होना यानी एकाग्र न होना। इसका चंचल गुण बार-बार हमें हमारे लक्ष्यों से विमुख करता रहता है। मनुष्य का मन उसको भावनाओं और कामनाओं के जाल में बांधकर भांति-भांति के कार्य करवाता है। हमारा मन हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी होता है। इसका जिस ओर मन करता है वह उधर ही इसको ले जाता है। इसमें प्रायः गलत राह भी पकड़ ली जाती है। मन का अधिक झुकाव विषयों एवं विकारों की तरफ रहता है। वहां पर हमें इसको बांधने और रोकने की जरूरत महसूस होती है। इसके लिए गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं, 'हे अर्जुन यदि तुम धीर मति वाले और दृढ़ निश्चयी व्यक्ति हो तो मन की चंचलता पर काबू पाया जा सकता है। मन का मुंहजोर घोड़ा आरंभ में सवार को अपनी पीठ पर आसीन नहीं होने देता है, लेकिन अगर बार-बार कोशिश की जाए तो वह उसे सवार भी होने देगा, उसकी बात मानेगा और उसकी इच्छा के अनुसार चलेगा भी, पर सबसे कठिन होता है मन को किसी एक लक्ष्य पर टिका कर रखना। मन के दृढ़ निश्चयी होने पर ही इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसी को कहते हैं अभ्यास की तलवार चलाना।

## योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना



संकलित
प्रेरणा

'योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना है।' योग सिर्फ कसरत नहीं है, बल्कि किसी विशेष परिस्थिति में दक्षता के साथ यदि आप कार्य कर रहे हैं, तो वह भी योग ही है। नवीनता, पूर्वाभास, कौशल और बेहतर संवाद, ये सभी योग के ही प्रतिफल हैं। यह शरीर, मन और भावनाओं को सार्वभौमिक ऊर्जा के साथ जोड़ता है। योग का अर्थ है- जोड़ना। जीवन के समस्त तत्वों को विधिवत जोड़ना। धन से हमें खुशी और आराम मिलता है। योग एक ऐसा धन है, जिससे हमें संपूर्ण आराम मिलता है। योग से न सिर्फ हमारा शरीर रोगमुक्त होता है, बल्कि समाज भी हिंसा रहित होता है। संशय से मुक्त मन, बुद्धि की स्पष्टता, आघात मुक्त स्मृति और दुख से मुक्त आत्मा तो प्रत्येक मानव जीवन का अधिकार है। सभी लोग इस मकसद को पाने के लिए तड़प रहे हैं। योग इसका आसान-सा उत्तर है। लोग सोचते हैं कि योग महज कसरत भर है। ऐसा नहीं है। आज यह जानकर प्रसन्नता होती है कि योग के महत्व को पहचानकर उसे मुख्य धारा में लाया जा रहा है। विश्व भर में योग आराम, खुश रहने और रचनात्मकता का पर्याय माना जाने लगा है। योग तो व्यक्ति का व्यवहार बदल देता है। व्यवहार व्यक्ति के तनाव के स्तर से सीधे संबंध रखता है। यह उस व्यक्ति में मित्रता के भाव जाग्रत करता है। योग हमारे वाइब्रेशन में फर्क लाता है। हम अपनी उपस्थिति से कई बार बहुत कुछ अभिव्यक्त कर देते हैं, जितना कि हम बोलकर नहीं कर सकते।

## कामयाबी की खुशी



सीबीएससी 10वीं और 12वीं की परीक्षा में पास होने के बाद ऐसी खुशी।

## आज की पाती

### भीषण गर्मी में पेयजल की किल्लत

भीषण गर्मी के चलते प्रदेश के अधिकतर जलाशयों और बांधों का जलस्तर काफी गिर गया है। कई तालाब सूख गए हैं। वहीं, पेयजल की किल्लत विकराल हो रही है। मई के प्रारंभ में ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। जहां लोगों का हाल बेहाल हो गया है, वहीं पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। पेयजल को लेकर राजधानी रायपुर के कुछ इलाकों में हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए भटकना लोगों की मजबूरी बन गई है। पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। जल आवर्धन योजनाएं अधूरी होने का खामियाजा प्रदेशवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

*– राकेश चौहान, रायपुर*

## करंट अफेयर

# इजराइली सेना ने रफह को बताया हमास का आखिरी गढ़

इजराइली सेना ने रविवार को गाजा पट्टी में फलस्तीनी उग्रवादियों के खिलाफ लड़ाई तेज करने के साथ ही युद्ध के दौरान लगभग तबाह हो चुके उत्तर के कुछ हिस्सों में भी कार्रवाई की। हालांकि, सेना ने कहा कि उसने महीनों पहले ही उत्तर के इलाकों को हमास के नियंत्रण से मुक्त करा लिया था, लेकिन सुरक्षा बलों के हटने के बाद समूह एक बार फिर इन इलाकों में एकत्र होने का प्रयास कर रहा है। इजराइल ने दक्षिणी गाजा के रफह शहर को हमास का आखिरी गढ़ करार दिया है। सेना का कहना है कि हमास को समाप्त करने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए उसे कार्रवाई जारी रखनी होगी। इजराइल की तरफ से हाल के दिनों में कार्रवाई तेज करने की बात कहे जाने के बाद 3,00,000 लोगों को क्षेत्र छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। फलस्तीनियों ने बताया कि जबालिया शरणार्थी शिविर और उत्तरी गाजा पट्टी के अन्य क्षेत्रों में इजराइल की ओर से रात भर भारी बमबारी की गई, जिससे व्यापक तबाही हुई है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि इजराइली युद्धक विमानों ने शरणार्थी शिविर और गाजा शहर के पूर्व में जिटौन क्षेत्र पर हमला किया, जहां सैनिक एक सप्ताह से अधिक समय से फलस्तीनी उग्रवादियों से लड़ रहे हैं।



## ऑफ बीट

# शिव जी का इकलौता मंदिर जहां नहीं है नंदी की प्रतिमा

शिवालयों में नंदी की पूजा किए बिना शिव जी की पूजा अधूरी मानी जाती है। हर शिवालय में शिवलिंग के सामने नंदी जरूर होते हैं लेकिन देश का एकलौत शिव मंदिर है जहां नंदी की प्रतिमा नहीं है। महाराष्ट्र के नासिक के गोदावरी तट के पास कपालेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। यहां भगवान शिव की प्रतिमा तो है लेकिन उनके वाहन नंदी स्थापित नहीं है। पौराणिक कथा के अनुसार ब्रह्मदेव के 5 मुख थे। चार मुख वेदोच्चारण करते थे और पांचवां मुख हमेशा लोगों की बुराई करता था। एक बार इंद्रसभा की सभा में ब्रह्मदेव का पांचवा मुख भगवान शिव की निंदा करने लगा जिससे क्रोधित होकर उस मुख को ब्रह्मदेव के धड़ से अलग कर दिया। भोलेनाथ पर ब्रह्म हत्या का पाप लग गया। इस पाप से मुक्ति पाने के लिए सोमेश्वर में एक बछड़े ने शिवजी को उपाय बताया। इस बछड़े पर भी अपने मालिक जो ब्रह्मण था उसकी हत्या का पाप लगा था। ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए बछड़े ने शिव जी को वही उपाय बताया जो उसने स्वयं किया था। बछड़े ने शिव जी को नासिक के पास स्थित रामकुंड में स्नान करने को कहा। इसके बाद भोलेनाथ ने बछड़ा यानी कि नंदी को अपना गुरु मान लिया।



## ट्रेंड

### आम आदमी को लाभ मिला



चुनाव प्रचार के मेरे आखिरी दिन हमारी टीम ने लद्दाख के ज़ांस्कर में ऐतिहासिक नई निम्मू-पदुम-दारचा सड़क पर टेस्ट ड्राइव किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तव में 10 वर्षों के भीतर हमारे देश के सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों को बदल दिया है। इसका सीधा लाभ आम आदमी को मिला है।

**-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**


### आ चुके होंगे रुपए



एक जुलाई 2024 को सुबह सुबह गरीब परिवार की महिलाएं जब अपना अकाउंट चेक करेंगी तो उसमें 8500 रुपए आ चुके होंगे और इंडिया की सरकार में ऐसा हर महीने की पहली तारीख को होगा। ये है आपके एक वोट की ताकत।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### बाहर आ जाऊंगा



अगले 21 दिनों में जहां-जहां संभव होगा, वहां जाऊंगा और बीजेपी को हराने के लिए प्रचार करूंगा। आप लोग अब जमकर मेहनत कीजिए। मुझे 2 जून को वापस जेल जाना होगा लेकिन अगर आप लोग 4 जून को इंडिया की सरकार बनवाएंगे तो मैं 5 को ही बाहर आ जाऊंगा।

**-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली**

### मां को खुश रखो



जब से पैदा हुआ हूं, तबसे मां का धन्यवाद करते हुए मां दिवस मना रहा हूं। आजकल हर बात का एक दिन बन गया तो हैप्पी मदर डे आप सबको, जीवन में खुश रहना चाहते हो तो पूरा जीवन मां को खुश रखो। जय माता की।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI
NEXA
DRIVEN BY TECH. INSPIRED BY THE BOLD.
Driving the New Age Baleno is pure thrill. It's power packed with hi-tech features that take your driving experience to a whole new level. Get ready to drive the bold side of technology.
CREATE. INSPIRE.
BALENO
THE NEW AGE
BALENO
TECH GOES BOLD
1st in Segment
360 View Camera
1st in Segment
Head Up Display
22.86cm SmartPlay Pro+
6 Airbags^
In-built Suzuki Connect
NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants
SUZUKI-TECT BODY
DUAL FRONT AIRBAGS
ESP
SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
COMPLIANT WITH -
FULL FRONTAL IMPACT
FRONTAL OFFSET IMPACT
SIDE IMPACT
Feature and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.
BENEFITS UP TO ₹ 58 000*
Know more about The New Age Baleno
Scan to chat on WhatsApp
RAIPUR: NEXA ONE RING ROAD (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), NEXA MAGNETO (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160),
NEXA VIDHAN SABHA ROAD (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), BHILAI: NEXA SUPELA (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824),
DURG: NEXA DURG BYPASS (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), JAGDALPUR: NEXA JAGDALPUR (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).
Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.
*T&C apply. Offers may vary subject to the model and variant purchased. All offers are applicable till 31st May'24 or till stocks last. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Creative Visualization. ^For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the owner's manual.

घर वह जगह है, जहां परिवार बसता ही नहीं, हमें रचता भी है। परिवार में ही हमारी परवरिश होती है, हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होता है। यह परिवार ही होता है, जो जीवन की तपिश में शीतल छाया बनता है। हमारी खुशियां हमारे परिवार में ही हैं। परिवार जीवन का वो आधार है, जिसके बिना हम अस्तित्वविहीन हैं।

# हमारे अस्तित्व की धुरी है परिवार



आवरण कथा / सरस्वती रमेश

परिवार क्या है? क्या इसे पति-पत्नी और बच्चों के रूप में परिभाषित किया जाना चाहिए या परिवार की अवधारणा इससे कहीं विस्तृत है? सही मायने में देखा जाए तो परिवार वह जगह है, जहां हमें भावनात्मक संबल, आर्थिक सुरक्षा और मानसिक परिपक्वता प्राप्त करने के लिए अनुकूल वातावरण मिलता है। जहां प्रत्येक सदस्य रक्त संबंधों से अधिक प्रेम, विश्वास, भरोसे, जिम्मेदारी, अपनत्व के डोर से बंधा हुआ होता है। जहां अपनी खुशी से बढ़कर परिवार की खुशी होती है। जहां अपने दुख से बढ़कर परिवार का दुख होता है। परिवार के इसी महत्व और उसकी अहमियत को बताने के उद्देश्य से हर वर्ष 15 मई को पूरी दुनिया में 'अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस' मनाया जाता है।

## व्यक्तित्व निर्माण में परिवार का अमूल्य योगदान

बच्चे को जन्म लेते ही परिवार का साथ मिलता है, जिसकी छत्रछाया में पलकर वह बड़ा होता है। एक बच्चे का समाज उसके परिवार से ही शुरू होता है। परिवार उसे जीवन के तमाम मूल्यों की शिक्षा देता है या देने में सहयोग करता है। संस्कारों, आदर्शों, नैतिकता, मानवीयता जैसे गुणों की सीख दे,उसे समाज में रहने के योग्य बनाता है। असल में एक व्यक्ति को बनाने में परिवार का योगदान अमूल्य है। परिवार ही उसके अस्तित्व की धुरी होता है, जिस पर उसके व्यक्तित्व का निर्माण होता है।

## परिवार से होती है हमारी पहचान

हमारी पहली पहचान हमारे परिवार से ही होती है। हम जन्म लेते ही किसी के बेटे, पौत्र, भाई, बहन, बेटी आदि विशेषणों से जाने जाते हैं। परिवार हमारी दुनिया होता है और हम इस दुनिया के



सबसे प्यारे-दुलारे सदस्य। बड़े होने पर इनसे परे भी हमारी एक पहचान बनती है। यह पहचान उन मूल्यों और पारिवारिक संस्कारों से बनती है, जिन्हें बड़े-बुजुर्ग हमें सौंपते हैं। हमारे व्यक्तित्व के पीछे परिवार की छाप सदैव रहती है।

## दर्द में मरहम बन जाता है परिवार

जब हम बहुत खुश होते हैं या बड़ी कामयाबी पाते हैं, तो हमें अपने घर-परिवार की याद आती है। जब हम बहुत दुखी-उदास होते हैं तब भी हमें परिवार की याद आती है। हम अपने परिवार से अपनी खुशी या दुख शेयर करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हमारी खुशी से सबसे ज्यादा हर्षित और हमारे दुख से दुखी हमारा परिवार ही होता है। परिवार ही हमें हमारी कमियों और खूबियों के साथ स्वीकार कर हम पर भरोसा जताता है। गलती सुधारने के लिए हमें एक नहीं कई मौके देता है। हमारे अकेलेपन, निराशा, नाउम्मीदी के पलों में परिवार एक आशा बनकर हमारे साथ खड़ा रहता है। दुख के क्षणों में हमें टूटकर बिखरने नहीं देता। हमारा संबल बनता है। इसलिए परिवार के साथ के बिना हमारी सारी उपलब्धि और खुशियां अधूरी जान पड़ती हैं।

## परिवार है खुशियों की चाबी

परिवार में आपसी सहयोग और समर्थन की जैसी निःस्वार्थ भावना होती है, वह कहीं और नहीं मिलती। इसलिए परिवार के साथ खुश रहने के सौ बहाने मिल जाते हैं। परिवार हमारी चिंताओं को पल भर में हवा में उड़ा देता है। अमेरिका में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक जिन बच्चों को बचपन में परिवार का भरपूर साथ और प्यार-स्नेह मिलता है, वयस्क होने पर उनमें अवसाद के लक्षण मिलने की संभावना बहुत कम होती है। दरअसल, परिवार के साथ हम अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं। अपनी पसंद-नापसंद बता सकते हैं। अपने मन की उथल-पुथल शेयर कर हल्का महसूस कर सकते हैं। यही वजह है कि जब तक हमारे देश में संयुक्त परिवार की रीति मजबूत रही, अवसाद, तनाव जैसी बीमारियों से हम दूर रहे। लेकिन आज डिप्रेशन की समस्या बढ़ती जा रही है, क्योंकि लोग परिवार के बड़ों के प्यार और पग-पग पर मिलने वाले मार्गदर्शन से दूर होकर अकेले होते जा रहे हैं।*

### अब दुनिया समझ रही परिवार का महत्व

**एक व्यक्ति** के जीवन में परिवार की अहमियत से हम सब वाकिफ हो चुके हैं। यही कारण है कि अब पूरी दुनिया में परिवार नाम की संस्था को मजबूत बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। पश्चिमी देशों ने परिवार की संवेदनशीलता और देख-रेख की भावना के मूल्यांकन के लिए इसे 'केयर इकोनॉमी' का नाम दिया है। हालांकि मां की ममता, पिता के संरक्षण और परिवार के साथ का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। फिर भी परिवार संस्था को बचाने के लिए जो भी प्रयास हों, उसकी सराहना की जानी चाहिए।





अगर आप अपने परिवार में खुशहाली चाहती हैं तो परिवार में रहने वाली सास-बहू, जेठानी-देवरानी और ननद-भाभी एक-दूसरे के प्रति सखी जैसा भाव रखें। इससे जिंदगी भी आसान हो जाएगी।

# परिवार की महिलाएं आपस में बनें सहेलियां

नया नजरिया / यासमीन सिद्दीकी

कभी-कभी फिल्मों के कुछ संवाद जेहन में कौंध जाते हैं। कुछ सोचने को बाध्य करते हैं। हम बात कर रहे हैं, किरन राव की फिल्म 'लापता लेडीज' की। यह फिल्म समाज के लिए एक जरूरी सवाल छोड़ती है। फिल्म में एक संवाद है 'हम महिलाएं जीवन भर अपनी सहेलियों को तलाशती हैं, लेकिन आपस में कभी सहेली नहीं बन पातीं।' यह सवाल ससुराल आकर अपने परिवार में रह रही महिलाओं के आपसी रिश्तों को विशेष रूप से उजागर करता है।

**बनें आपस में दोस्तः** एक नवविवाहिता जब शादी करके अपने ससुराल में आती है तो अपने प्रेम से रिश्तों को सींचकर नए जीवन को शुरू करती है। इस समय उसके मन के कोने में कहीं वो सखियां होती हैं, जिनके साथ वह अपनी हर परेशानी, बेचैनी को साझा करती थी, तनावों से मुक्त होती थी। लेकिन शादी के बाद अपनी तकलीफें साझा करने वाली सखियां छूट जाती हैं। ससुराल में कोई ऐसा नहीं दिखता, जिससे वे मन की बातें कहें, अपनी तकलीफें बांटें। फिल्म 'लापता लेडीज' के डायलॉग को देखें तो इसका सवाल बहुत मायने रखता है कि ससुराल जो एक बहू का अपना परिवार होता है, वहां परिवार में रहने वाली सासू मां, जेठानी-देवरानी, ननद-भाभी आपस में सहेलियां क्यों नहीं बन पातीं? प्रायः देखा जाता है, परिवार की महिलाओं में कहीं न कहीं एक-दूसरे पर हावी होने की प्रवृत्ति होती है। लेकिन जरा सोचें, पारस्परिक प्रतिस्पर्धा को छोड़कर अगर परिवार की महिलाएं एक-दूसरे के साथ दोस्ती का रिश्ता निभाएं तो जीवन कितना आसान हो जाएगा। तो चलिए, फिल्म 'लापता लेडीज' की फूल जिस तरह अपनी सास से फ्रेंड बनने को कहती है, हम भी एक साथ रहकर फ्रेंड बनने की कोशिश करें। सबसे बड़ी बात है, जब परिवार में सास, बहू, देवरानी, जेठानी, ननद, भाभी सहेलियों के तौर पर रहेंगी तो परिवार सही मायने में खिलखिला उठेगा।

**किसी को बदलने की कोशिश ना करें:** हम अगर अपनी कुछ सहेलियों पर नजर डालें तो बहुत-सी हमसे अलग मिजाज की होती हैं, फिर भी हमारी उनके साथ बहुत गाढ़ी छनती है। कुछ ऐसा ही अंदाज परिवार में रहने वाली महिलाएं भी आपस में एक-दूसरे के साथ रख सकती हैं। कोई भी किसी को अपने जैसा बनाने की कोशिश ना करे।

**ना दोहराएं पुरानी बातें :** अकसर सास और जेठानी अपने समय की बातें लेकर बैठ जाती हैं। उनके समय में अगर कुछ गलत हुआ होता है तो वे कहीं ना कहीं उसे घर के रिवाज के साथ जोड़ लेती हैं। इतना ही नहीं, अगर बदले वक्त के अनुसार नई बहू को कुछ सुविधाएं मिलती हैं तो इस बदलाव का विरोध करने से वे चूकती नहीं। जैसे कि अगर उनके समय में मायके कम जाने दिया जाता था तो वे इसे परंपरा मान लेती हैं कि मायके तो कम ही जाना चाहिए। अगर उन्हें पति के साथ बाहर घूमने-फिरने का मौका नहीं मिला था तो वे चाहती हैं कि घर में आने वाली दूसरी बहुएं भी कुछ ऐसा करें। अगर आपकी यह सोच है तो इस सोच को बदलें।

**थोड़ा समय दें :** कहते हैं, वक्त बहुत बड़ा इलाज है। अगर आपको लग रहा है कि बहुत कुछ आपके अनुकूल नहीं है तो घबराएं नहीं। नए रिश्ते बनते हैं तो कुछ नई चुनौतियां भी लेकर आते हैं। ऐसे में खुद और परिवार को एक नए रिश्ते को समझने का समय दें। आप देखेंगी, बहुत से सवालों के जवाब आपको समय के साथ खुद ही मिल जाएंगे। बहुत-सी चीजों को इग्नोर करना सीखेंगी और धीरे ही सही लेकिन ना जाने कब घर की महिलाएं एक-दूसरे की सहेली बन गई हैं, पता ही नहीं चलेगा।*



### मां ना सही, मां जैसी

**यह सच** है कि हमारे जीवन में मां की जगह कोई नहीं ले सकता, लेकिन घर में आने वाली नई बहू को भी समझना होगा कि जिस तरह से मां ने हमें बहुत कुछ सिखाया है, वैसे ही हमारी यह नई मां भी हमें सिखाने की कोशिश कर रही हैं। हां, उनका अंदाज हमारी मां से कुछ अलग हो सकता है। आप उनके साथ अपने संबंधों को खुला और सहज रखने की कोशिश करें।




अवधारणा / सोनम लववंशी

# परिवार का असली रूप संयुक्त परिवार



जब हम परिवार नाम की संस्था की बात करते हैं तो सर्वप्रथम जो स्वरूप उभरता है, उसमें माता-पिता, बच्चे और दादा-दादी के साथ चाचा-चाची भी आते हैं। परिवार का यही वृहत स्वरूप संयुक्त परिवार है। लेकिन समाज में बदलाव के साथ संयुक्त परिवार का ताना-बाना बिखर गया है। आज की युवा पीढ़ी को एकल परिवार ही रास आता है। लेकिन कोरोना जैसी महामारी के दौर से संयुक्त परिवार की अवधारणा को फिर बल मिला है। जिस पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव में हमारा युवा एकल परिवार को सही ठहराता था, आज उसकी सोच बदली है। यूरोप और अमेरिका जैसे देश संयुक्त परिवार की वकालत कर रहे हैं।

**जड़ों से जुड़ाव :** गहराई से विचार करें तो बिखरे परिवारों का ना तो कोई अस्तित्व होता है और ना वे जड़ों से जुड़े होते हैं। सामाजिक सद्भाव, सामंजस्य और देखभाल करने के लिए एकल परिवारों से ज्यादा संयुक्त परिवार जरूरी हैं। जहां बच्चों को दादा-दादी का दुलार मिलता है, तो बहुओं को सास का प्यार-स्नेह। अकसर देखा गया है कि परिवारों की एकजुटता ही संकट में मनोबल बढ़ाती है। दरअसल, संयुक्त परिवार एक ऐसा वट वृक्ष है, जो विपत्ति में एक छाया बन कभी किसी सदस्य का मनोबल टूटने नहीं देता। संयुक्त परिवार ही परिवार की असली अवधारणा है।

**खुशियों की कुंजी :** परिवार के सभी सदस्य आपस में भावनाओं की डोर से बंधे होते हैं। हर छोटी से छोटी खुशी सब परिवार के साथ साझा करते हैं। कहा भी जाता है कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह हंसी-खुशी का माहौल परिवारजनों के साथ रहकर ही संभव है। हमारे तीज-त्योहारों की रौनक भी हमारे अपनों के साथ से ही है। यही वजह है कि परिवार इन रिश्तों के जरिए संस्कृति और संबंध दोनों को सहेजने का काम करता है। दिलों को जोड़ने वाले सांस्कृतिक पर्व अपनों से भी जुड़ाव बनाए रखते हैं। तभी तो मन में उत्साह-उमंग जगाने वाली खुशियां अपनों के बिना अधूरी-सी लगती हैं।

**साझा तरीके से संकट का मुकाबला :** संयुक्त परिवारों का सबसे बड़ा फायदा यह है कि संकट के समय परिजन मनोबल बढ़ाने के साथ ही मजबूती से साथ खड़े रहते हैं। परिवार के हर सदस्य को अपनी जिम्मेदारी का अहसास होता है। समाज के आधुनिक होने पर संयुक्त परिवारों को बोझ समझा जाने लगा था, लेकिन जब भी कोई परेशानी आई संयुक्त परिवारों ने उसका मुकाबला आसानी से किया, जबकि एकल परिवार कमजोर साबित हुए।*



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

महत्ता / वीना गौतम

परिवार को अगर समाज की पहली और सबसे महत्वपूर्ण इकाई माना जाता है, तो इसके पीछे मानव सभ्यता के विकास में परिवार की भूमिका ही रही है। इंसान को रिश्तों और संवेदनाओं की डोर से बांधे रखने वाला परिवार, संपूर्ण मानव समाज और विश्व की प्रगति के लिए मूलाधार तैयार करता है।

# मानव सभ्यता के विकास का आधार है परिवार



इजरायल के मशहूर इतिहासकार हैं युवाल नोआह हरारी, इन्होंने 'होमो सेपियंस' नामक अपनी बेस्ट सेलर किताब में परिवार की महत्ता के संदर्भ में कहा है कि धरती से लाखों जीव प्रजातियां लुप्त हो गईं और आज हजारों मजबूत कदकाठी वाली जीव प्रजातियां भी संकट में हैं, लेकिन इंसान ने इतिहास में लगातार अकल्पनीय प्रगति की है, तो इसका सबसे बड़ा कारण परिवार नामक व्यवस्था है। जी हां, अगर सभ्यताओं के इतिहास पर एक नजर डालें तो इंसान की प्रगति तब तक दूसरे जानवरों की माफिक ही थी, जब तक वह बिना किसी परिवार व्यवस्था के एक स्वतंत्र इकाई के रूप में दूसरे जानवरों की तरह ही जंगल में रहा था। इंसान और जानवरों के बीच कई गुना फर्क तब आया है, जब इंसान ने खुद को परिवार नामक ईकाई के रूप में व्यवस्थित किया है।

## सिखाता है सामाजिक मूल्यों की महत्ता

धरती पर इंसान की प्रगति का सचमुच सबसे बड़ा कारण परिवार व्यवस्था है। अगर परिवार में महत्व की क्रमिकता देखें तो लगभग सभी समाजशास्त्री और जीव वैज्ञानिक इस बात पर एकमत हैं कि माता-पिता परिवार के सबसे महत्वपूर्ण सदस्य होते हैं, क्योंकि ये माता-पिता ही हैं, जो अपने बच्चों की देखभाल करते हैं, जिससे न केवल मनुष्य की प्रजाति निरंतर विकास करती है बल्कि धरती में सामाजिकीकरण की अनवरत महत्ता बनी रहती है। अगर परिवार नहीं होगा तो समाज नहीं होगा। दुनिया में सभ्यताओं के बने रहने और इंसान के लगातार प्रगति करते हुए फलने-फूलने की गारंटीशुदा बुनियाद परिवार व्यवस्था ही है।



## संयुक्त राष्ट्र ने स्वीकारी महत्ता

**परिवार के** होने और परिवार के न होने के बीच के महत्व को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1993 में हर साल 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाने का निर्णय लिया था। क्योंकि राष्ट्र संघ दुनियाभर के सामाजिक वैज्ञानिकों की बदौलत यह समझ गया था कि अगर धरती में इंसान की प्रजाति को निरंतर फलते-फूलते रहना है तो उसमें परिवार की व्यवस्था का होना बहुत जरूरी है। वैसे परिवार दिवस की संकल्पना कनाडा और दुनिया के कई और देशों में इसके पहले ही प्रस्तुत कर दी गई थी। लेकिन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे एक संकल्प पत्र प्रस्तुत करते हुए सन 1993 से हर साल 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की, तब से यह परिवार दिवस हर साल नियमित रूप से मनाया जा रहा है।

## पनपता है अनुशासन-जिम्मेदारी का भाव

परिवार आपस में लोगों के साथ कैसे रहना है, कैसे एडजस्ट करना है, यह सिखाता है। परिवार हमारे लिए प्यार पाने के लिए, सुरक्षा पाने के लिए और समर्थन पाने के लिए, हर मामले में सबसे महत्वपूर्ण जगह है। हमारा परिवार न हो तो हमारे पास अपने विचारों की कोई श्रंखला ही न बने। हम अपने विचार किसी से साझा ही न कर सकें और न ही अपनी और दुनिया की समस्याओं को समझ सकें। अगर परिवार नहीं होगा तो दुनिया में 90 फीसदी से ज्यादा लोग अनुशासनहीन हो जाएंगे। लोग अपने परिवारों को सुखी, संपन्न और शांति से जीने की व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही दुनियाभर के नियमों-कानूनों और मूल्यों को तरजीह देते हैं। यह परिवार ही है, जिसकी वजह से लोगों में काम करने, कुछ पैदा करने, जोड़ने और आगे बढ़ाने की मानवीय आकांक्षा बनी रहती है। समाज में देखा गया है कि जो लोग परिवार जैसी व्यवस्था से बंधे नहीं होते, वे काफी गैरजिम्मेदार और बेफिक्र होते हैं।

## हर वर्ष की एक अलग थीम

हर साल परिवार दिवस मनाने के लिए एक थीम की घोषणा होती है और वह थीम दुनियाभर के सामाजिक चलनों में चिन्हित हो रहे किसी महत्वपूर्ण विषय को लेकर घोषित की जाती है। जैसे साल 2022 के अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस का विषय था- परिवार और शहरीकरण। इसी तरह साल 2023 के परिवार दिवस की थीम थी- परिवार का जनसांख्यिकीय रुझान और इस साल यानी वर्ष 2024 के विश्व परिवार दिवस की थीम है-परिवार और जलवायु परिवर्तन। इस साल का यह विषय होना स्वाभाविक है, क्योंकि पिछले 8-10 महीनों में जलवायु परिवर्तन संबंधी जिस तरह की भयावह परिस्थितियां एक के बाद एक सामने आई हैं, उससे धरती की समूची मनुष्य प्रजाति के लिए खतरे के घंटी बज गई है। जलवायु वैज्ञानिक बार-बार चेतावनी दे रहे हैं कि अगर धरती के बढ़ते तापमान को न रोका गया तो कुछ ही सालों में पृथ्वी जलमग्न हो जाएगी और समूची सभ्यता खत्म हो जाएगी। जाहिर है, मनुष्य प्रजाति पर आने वाला यह संकट परिवार नामक ईकाई पर ही अंतिम रूप से आने वाला संकट है, इसलिए इसके प्रति सजगता और इसके रोके जाने का उपाय भी दुनिया के सभी परिवारों में मिल-जुलकर ही करना होगा। *

जुड़ाव / अशोक जोशी

# यह भी है हमारा प्यारा परिवार

आमतौर पर रक्त संबंध वाले परिजनों को ही परिवार माना जाता है। लेकिन इस परिवार से परे भी एक परिवार होता है, जिसे हम अपने आस-पड़ोस में और अपने कार्यस्थल पर बनाते हैं। इस परिवार के सदस्यों से भी हमें वास्तविक परिजन वाला जुड़ाव और अपनापन होता है।

हमारे देश-समाज में परिवार की परिभाषा बहुत व्यापक रही है। इसमें परिजन के अलावा वे लोग भी शामिल होते हैं, जिनका हमारे साथ दूर-दूर तक का रक्त संबंध नहीं होता है, लेकिन ये हमारे जीवन में बहुत मायने रखते हैं।

**प्राचीन भारतीय संकल्पना :** 'वसुधैव कुटुंबकम' हमारे सनातन धर्म का मूल संस्कार और विचारधारा रही है। हमारी संस्कृति ने माना है कि संपूर्ण धरती के लोग हमारा परिवार है। इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए हमारे यहां परिवार से परे परिवार की महत्ता को समझा गया है, जो कई मायने में परिवार से भी ज्यादा महत्वपूर्ण और उपयोगी साबित होता है।

**समाज का एक अंग है परिवार :** परिवार केवल वह नहीं, जिसे हम माता-पिता, भाई, बहन, पति, पत्नी, मामा, चाचा या मौसी-बुआ जैसे नामों से संबोधित करते हैं। जब पति और पत्नी को छोड़कर यही संबोधन परिवार से जुदा लोगों के लिए किया जाता है तो वह जाने-अनजाने लोग भी हमारे परिवार का हिस्सा बन जाते हैं। परिजनों से परिवार बनता है और परिवार से बनता है समाज। यही समाज जब परिवार बन जाता है तो इसका महत्व और उपयोगिता परिवार से भी ज्यादा बढ़ जाती है।





**परिजन से कम नहीं पड़ोसी :** एक दौर था, जब सारा मोहल्ला हमारा परिवार हुआ करता था, सारे अड़ोसी-पड़ोसी हमारे परिजन जैसे थे। ऐसा कहा जाता है कि जरूरत के समय परिजन तो बाद में आते हैं, पहला हाथ पड़ोसी ही बढ़ाता है। समय के साथ-साथ इस व्यवस्था मे बदलाव आया है, लेकिन यह परंपरा अभी भी जिंदा है।

**सहकर्मियों से भी बनता है परिवार :** परिवार से परे परिवार का दायरा काफी बड़ा होता है। इसमें एक परिवार मोहल्ले या पड़ोसियों का होता है तो दूसरा परिवार हमारे ऑफिस या दफ्तर का भी होता है। वहां पर भी हम रोजाना सात-आठ घंटे जिनके संग गुजारते हैं, उनके साथ पारिवारिक आत्मीयता पनपना स्वाभाविक ही है।

**होते हैं सुख-दुख के साथी :** एक जमाना था, जब मोहल्ले या कार्यस्थल के किसी व्यक्ति के परिवार में शादी-ब्याह होता था तो पूरा मोहल्ला या दफ्तर वाले एक साथ मिलकर सारे कार्यक्रम में हाथ बंटाते थे और बड़े से बड़ा कार्यक्रम आराम से संपन्न हो जाता था। आज ऐसे कार्यक्रमों का स्वरूप बदल गया है, फिर भी आज जब किसी के यहां मुसीबत आती है तो परिवार से परे वाले परिवार के लोग आगे आकर अपना सहयोग प्रदान करने से पीछे नहीं रहते हैं। यदि कोई बीमार होकर अस्पताल में भर्ती होता है तो पड़ोसी ना केवल आपके कंधे पर हाथ रखता है बल्कि यह भी कहते देखा जा सकता है कि पैसे की जरूरत हो तो हिचकिएगा नहीं। निसंकोच मांग लेना। परिवार से अलग किसी का ऐसा कहना निश्चय ही बहुत संबल देता है।

**नए स्वरूप में प्यारी भावनाएं :** समय के साथ-साथ परिवार से परे परिवार का स्वरूप बदल रहा है। यह अच्छी बात है कि यह परिवार अब पहले से ज्यादा परिपक्व होने लगा है। इस नए परिवार में फ्लैट और अपार्टमेंट की सोसायटी के सदस्य जॉगिंग क्लब, लाफ्टर क्लब, किटी क्लब के सदस्य परिवार की तरह एक-दूसरे से जुड़ने लगे हैं। ये सदस्य नववर्ष से लेकर तीज-त्योहारो पर पारिवारिक आयोजन कर नए परिवार की गांठ को मजबूत कर परिवार की तरह ही एक-दूसरे का हाथ थाम कर पारिवारिक दायित्व निभाते हैं। *

परवरिश / अलका 'सोनी'

# आपके सपोर्ट से संवरेगी बच्चों की पर्सनालिटी

अकसर देखा गया है कि एकल परिवारों में बच्चों की पर्सनालिटी अच्छी तरह डेवलप नहीं होती है। ऐसा ना हो, इसके लिए पैरेंट्स को अपनी परवरिश में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।



आज की जीवनशैली में परिवार की जरूरतें बहुत बढ़ गई हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए पति-पत्नी दोनों का जॉब करना जरूरी हो जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चों की परवरिश पर भी असर पड़ रहा है, उनके व्यवहार में परिवर्तन आता है, उनकी पर्सनालिटी अच्छी तरह डेवलप नहीं हो पाती है। इसके लिए पैरेंट्स का कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

**इसलिए बदलता है स्वभाव:** बच्चे जब अधिक समय तक अकेले रहते हैं तो अपने मन की बात परिवार में किसी से साझा नहीं कर पाते। उनकी उलझनों को सुलझाने के लिए सामने कोई मौजूद नहीं रहता। इसके कारण वो अंदर ही अंदर घुटते रहते हैं। नतीजतन वे चिढ़चिढ़े, गुस्सैल हो जाते हैं या गुमसुम रहने लगते हैं। उनकी पर्सनालिटी अच्छी तरह डेवलप नहीं हो पाती है।

**डांटने-मारने से बचें:** बच्चों के मिसबिहेव करने पर उनके साथ जोर-जबरदस्ती कर उन्हें सुधारना मुश्किल है। एक शोध में यह पाया गया है कि बच्चों को डांटने या मारने से उनमें सुधार नहीं होता, बल्कि इससे वे और भी जिद्दी और गुस्सैल हो जाते हैं। इसके बजाय उनमें डिप्रेशन और नेगेटिविटी आने लगती है। कई बार वे गलत कदम उठाने लगते हैं। माता-पिता यही चाहते हैं कि उनका बच्चा काबिल बने, उनकी बातें सुने। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखकर पैरेंट्स बच्चों की पर्सनालिटी में सुधार ला सकते हैं।

**दें पर्याप्त समय:** यूनीसेफ द्वारा कराई गई एक स्टडी में पाया गया है कि जो पैरेंट्स अपने बच्चे के लिए पर्याप्त समय नहीं निकालते हैं, उनकी परेशानियों को नहीं सुनते हैं, ऐसे बच्चे अपने माता-पिता या अन्य लोगों के साथ मिसबिहेव करने लगते हैं, जिद्दी बन जाते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, बच्चों को किसी भी फैसिलिटी या खेल-खिलौनों से ज्यादा परिवार यानी पैरेंट्स के साथ और स्नेह की जरूरत होती है। इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि पैरेंट्स समय निकालकर बच्चों से बातें करें, उनकी परेशानियों को जानें -समझें।

**करते रहें बच्चों की तारीफ:** चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट्स का मानना है कि किसी बच्चे की अच्छाइयों की तारीफ करने से वे अच्छे बनने के लिए प्रेरित होते हैं। इससे उनके व्यवहार में परिवर्तन आता है। इसलिए बच्चों की बुरी आदतों को सुधारने और अच्छी आदतों को बढ़ाने के लिए पैरेंट्स को उसकी तारीफ करनी चाहिए। इस तरह उन्हें अच्छा काम करने के लिए मोटिवेशन मिलेगा और वे बुरी आदतों को खुद छोड़ने लगेंगे।

**गाइड करें:** बच्चे बिल्कुल कोरे कागज की तरह होते हैं। वे जिस बात का अनुभव करते हैं, जिन लोगों से मिलते हैं, उनका अनुभव, उनके मन-मस्तिष्क पर अंकित हो जाता है। इसलिए हर माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को यह जरूर बताएं कि उनके लिए क्या करना अच्छा है और क्या गलत? इस तरह बच्चे सही दिशा चुन पाएंगे। आपकी गाइडेंस उन्हें सही निर्णय लेने में सक्षम बनाएगा।

**बढ़ाएं क्रिएटिविटी:** विभिन्न शोधों में यह पाया गया है कि अगर बच्चे को खाली रखने की बजाय क्रिएटिव काम को करने में लगा लिया जाए तो वे कुछ नया करने के लिए एफर्ट करेंगे। इससे उनका दिमाग पॉजिटिव रहेगा और वे अच्छा व्यवहार करेंगे।

यह ना भूलें कि पैरेंट्स के स्नेह और मार्गदर्शन से ही बच्चे के अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण होता है। इसलिए इसमें कोई लापरवाही ना बरतें। *

डाइट सजेशन

डॉ. चेतना बंसल, न्यूट्रिशनिस्ट, दिल्ली

# फैमिली के सभी मेंबर्स रहेंगे हेल्दी-एनर्जेटिक

हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक रहने के लिए न्यूट्रिएंट्स से भरपूर डाइट की जरूरत परिवार के हर सदस्य को होती है। लेकिन एज के अनुसार सभी को अलग तरह के डाइट की जरूरत होती है। इस बारे में आपके लिए यूजफुल सजेशंस।



बचपन से लेकर बड़ी उम्र और ओल्ड एज तक में एज, जेंडर और एक्टिविटी के हिसाब से सभी को न्यूट्रिशस डाइट की जरूरत होती है। ऐसा ना होने पर फैमिली मेंबर्स बीमार हो सकते हैं। इससे बचने के लिए डाइट पर ध्यान देना जरूरी है।

**चिल्ड्रेन-टीनएज मेंबर्स:** पोषक तत्वों से भरपूर भोजन से ही हमारे कई जेनेटिक पैटर्न, शरीर और दिमाग विकसित हो पाता है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को हाई-प्रोटीन डाइट के साथ कैल्शियम और आयरन रिच फूड्स देने चाहिए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के विटामिन वाले फूड्स भी बहुत जरूरी होते हैं। विभिन्न विटामिंस की कमी से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। जबकि कार्बोहाइड्रेट और फैट रिच डाइट ज्यादा लेने से आगे चलकर ओबेसिटी, हाइपरटेंशन, डायबिटीज, पीसीओडी, कार्डियोवैस्कुलर जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है।



टीनएज के दौरान शरीर का विकास तेजी से होता है, इसके लिए प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम रिच डाइट लेनी जरूरी है। इस एज में मेटाबॉलिक रेट सबसे हाई होता है, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है, जो शरीर को एनर्जी प्रदान करता है। इस स्टेज में हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियमरिच डाइट जैसे-दूध, मिल्क प्रोडक्ट्स, सोया, हरी पत्तेदार सब्जियां ज्यादा लेनी चाहिए। चाय, कॉफी जैसे कैफीनयुक्त पदार्थों का सेवन अवॉयड करना चाहिए। टीनएजर्स की डाइट में विटामिनयुक्त खाद्य पदार्थों को ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए।

**यंग-मिड एज मेंबर्स:** यंग और मिड एज के फैमिली मेंबर्स को न्यूट्रिएंट्स से भरपूर संतुलित आहार लेना जरूरी है। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स युक्त खाद्य पदार्थों को ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए। इस एज की महिलाओं को भरपूर मात्रा में हरी सब्जियों और साग का सेवन करना चाहिए ताकि डिलीवरी के समय दिक्कत ना हो। डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से बचाव के लिए इस एज ग्रुप के मेंबर्स को नमक और चीनी का सेवन सीमित मात्रा में करना बेहतर है। इस उम्र के लोगों पर वर्क प्रेशर बहुत होता है, दिनचर्या अस्त-व्यस्त होने की वजह से डाइट का ध्यान रखना मुश्किल हो जाता है। लेकिन लापरवाही करना सही नहीं है। इस एज के लोगों को एनर्जी प्राप्त करने के लिए फाइबर और स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थों समेत केला, आलू, मशरूम जैसी पोटेशियम रिच डाइट लेना फायदेमंद है। तनाव को दूर करने और आयरन के अवशोषण में मददगार विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थ जरूर लेने चाहिए। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के बजाय होममेड फूड खाना चाहिए। बेकरी आइटम, पैक्ड फूड, प्रिजर्वेटिव फूड, चॉकलेट, कैंडी जैसी शुगर रिच डाइट को अवॉयड करना चाहिए। इसके अलावा सलाद और सब्जियों में हेल्दी ऑलिव ऑयल ले सकते हैं, जिससे कोलेस्ट्रॉल का लेवल कंट्रोल करने में मदद मिलती है। बोन डेंसिटी बढ़ाने के लिए कैल्शियम, विटामिन बी, डी और विटामिन के रिच डाइट लेना चाहिए।




**50 प्लस मेंबर्स :** इस एज ग्रुप के लोगों में मेटाबॉलिज्म रेट बहुत धीमा होने लगता है, जिससे बॉडी में रिलीज होने वाले एंजाइम्स और हार्मोंस कम होने लगते हैं। अल्जाइमर का रिस्क बढ़ जाता है। इस एज के फैमिली मेंबर्स की डाइट में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल से भरपूर फल-सब्जियां और अनाज जरूर होने चाहिए। महिलाओं में मेनोपॉज के बाद मांसपेशियों में सालाना आधे से एक फीसदी की दर से गिरावट को देखते हुए हाई प्रोटीन और हाई फाइबर वाली डाइट का सेवन जरूरी है। इस एज में पाचन तंत्र और रोग प्रतिरोधक क्षमता वीक हाने लगती है। इसलिए तला, भुना, मिर्च, मसालों वाला हैवी फूड खाने से परहेज करना चाहिए। ओमेगा-3 फैटी एसिड का सेवन करना चाहिए। इसके नियमित सेवन से ब्लड में फैट लेवल नियंत्रित होता है, जिससे हृदय रोगों का जोखिम 50 प्रतिशत कम रहता है। आर्थराइटिस से शरीर में सूजन पैदा करने वाले तत्वों का प्रभाव कम होता है। इससे जोड़ों में दर्द, पीठ दर्द, आर्थराइटिस, जकड़न में आराम मिलता है। इस तरह डाइट का ध्यान रखा जाए तो सभी फैमिली मेंबर्स हेल्दी और फिट रहेंगे। *

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

लघुकथा / यशोधरा भटनागर

# आधा-पूरा



अस्पताल के कमरे की सफेद छत... दवाइयों की गंध... शरीर का बायां हिस्सा चेतना शून्य... निष्प्राण... पर कान पूरी तरह सजग 'पैरेलिसिस का अटैक है...' इसके आगे डॉक्टर साहब ने क्या कहा, वह सुन नहीं सका या चिंता के मंडराते बादलों से ऐसा घिरा कि कानों ने भी अपना काम करना बंद कर दिया था। इतनी बड़ी बीमारी, अपनी नौकरी के साथ सुमी उसे कैसे संभाल सकेगी? बिट्टी को तो पढ़ाई से ही फुर्सत नहीं मिलती। इससे तो यही अच्छा था दिल की धड़कनें ही थम जातीं। अब वह हमेशा ऐसे ही अपाहिज पड़ा रहेगा। उसकी आंखों की कोर से आंसू गिरे और तकिए में समा गए। अम्मा-बाऊजी, बड़े भैया, मंझले भैया, भाभियां, भतीजे-भतीजियां, चार पैसे क्या वह कमाने लगा था, खुद उसने सबसे नाता तोड़ लिया था। कितनी बातें सोच ली थीं, सबके साथ रहेगा तो तनख्वाह कहां जाएगी, पता ही नहीं चलेगा। बस चरखी में गन्ने सा पिलता रहेगा। सुमी और बिट्टी का फ्यूचर? फिर सुमी नौकरी करे कि इन सब की चाकरी? पूरी की पूरी फौज है यहां। सारी जिंदगी ऐसे ही निकल जाएगी। आखिरकार उसने एक छोटे से फ्लैट में अपनी छोटी सी दुनिया बसा ली, अपनों से कटी, अपने आप में सिमटी उसकी दुनिया।

'छिः कितनी छोटी सोच उसकी... कितना छोटा दिल..!' उसने खुद को धिक्कारा। मुंदी आंखों से बहते आंसुओं ने न जाने कैसे कनपटी का रास्ता पकड़ लिया था।

'अब कैसा है छोटे?' बड़े भैया ने उसके सिर पर हाथ फेरते हुए पूछा।

'चिंता मत कर सब ठीक हो जाएगा। पैसे-कौड़ी किसी प्रकार की चिंता नहीं करना छोटे। हम सब हैं न।' बाबूजी उसे पुचकारते हुए बोले।

'और बॉस कैसे हो? सुनो, हम तुम्हें अपने साथ लिए रहेंगे। सबके साथ अच्छी देखभाल हो जाएगी और तुम्हारा मन भी लगा रहेगा।' मंझले भैया अपने मस्तमौला अंदाज में बोले। 'चाचा डोंट वरी, आप जल्दी ही ठीक हो जाएंगे। यह फिजियोथेरेपिस्ट शशांक का वादा है आपसे।' शैंकी अपने चाचा के गले से लिपटते हुए बोला।

'सूप पी लो देवर जी।' बड़ी भाभी, बच्चे के समान उसके गले के नीचे नेपकिन रखते हुए बोलीं। मंझली भाभी हाथ में चम्मच थामे उसे सूप पिलाने लगीं। उसने मुस्कुराने की कोशिश की पर चेहरे का आधा भाग ही साथ दे सका। अलबत्ता उसका दिल अब निश्चिंतता से बेधड़क धड़क रहा था, परिवार का हर सदस्य जो आज उसके साथ था। *




अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

# मोदी सरकार के कार्यकाल में कुल 51.40 करोड़ को मिला रोजगार : स्कॉच रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू शोध संस्थान स्कॉच की एक रिपोर्ट में सोमवार को दावा किया गया कि नरेन्द्र मोदी सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में 51.40 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार पैदा हुए हैं।मानव-वर्ष या व्यक्ति-वर्ष एक साल में किसी व्यक्ति द्वारा किए गए कार्य की मात्रा को घंटों में आंकने वाली एक इकाई है।

'मोदीनॉमिक्स का रोजगार सृजनात्मक प्रभावः प्रतिमान में बदलाव' शीर्षक से जारी यह रिपोर्ट 80 केस अध्ययन पर आधारित है। इसमें कर्ज लेने वाले उधारकर्ताओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

## 'मोदीनॉमिक्स का रोजगार सृजनात्मक प्रभावः प्रतिमान में बदलाव' नाम से रिपोर्ट जारी

### जुटाए 80 केस अध्ययन के दस्तावेज

बयान के मुताबिक, वर्तमान अध्ययन से यह भी पता चलता है कि सूक्ष्म कर्ज का इस्तेमाल स्थिर और टिकाऊ रोजगार सृजन के लिए किया जा रहा है। स्कॉच ग्रुप के चेयरमैन और इस रिपोर्ट के लेखक समीर कोचर ने कहा, 'हमने अपने दौरों में 80 केस अध्ययन के दस्तावेज जुटाए हैं। इसमें कर्ज लेने वाले कई उधारकर्ताओं को शामिल किया गया है और एक कर्ज राशि पर औसतन 6.6 प्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए हैं।'




### अध्ययन में 12 केंद्रीय योजनाएं शामिल

इस अध्ययन में 12 केंद्रीय योजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें मनरेगा, पीएमजीएसवाई, पीएमए-जी, पीएमएवाई-यू, आरएसईटीआई, एबीआरवाई, पीएमईजीपी, एसबीएम-जी, पीएलआई और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाएं शामिल हैं।

### ऋण अंतराल में गिरावट

अध्ययनों से पता चला है कि पिछले नौ वर्षों में ऋण अंतराल (जीडीपी के अनुपात में कर्ज का अंतर) में 12.1 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसने ऋण अंतराल में कटौती, बहुआयामी गरीबी में कमी और एनएसडीपी में वृद्धि के बीच एक सकारात्मक संबंध भी दिखाया है।

### 19.79 करोड़ रोजगार शासन-आधारित

स्कॉच ग्रुप ने एक बयान में कहा, 'वर्ष 2014-24 के दौरान कुल 51.40 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं। इनमें 19.79 करोड़ रोजगार शासन-आधारित हस्तक्षेपों की वजह से सृजित हुए हैं। बाकी 31.61 करोड़ रोजगार में ऋण-आधारित हस्तक्षेपों का योगदान रहा है।' स्कॉच ग्रुप सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर काम करने वाला एक घरेलू शोध संस्थान है। यह 1997 से ही समावेशी विकास पर काम कर रहा है।

### ऋण-आधारित रोजगार

कोचर ने कहा, ''हमने 2014-24 की अवधि में ऋण-आधारित हस्तक्षेपों और सरकार-आधारित हस्तक्षेपों का अध्ययन किया है। जहां ऋण-आधारित हस्तक्षेपों ने प्रति वर्ष औसतन 3.16 करोड़ रोजगार जोड़े हैं, वहीं सरकार-आधारित हस्तक्षेपों से 1.98 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं।'

## खबर संक्षेप

### हुंडई ने लक्ष्मी समूह के साथ की साझेदारी




**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया ने लक्ष्मी समूह के सहयोग से नेपाल में अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी वेन्यू को स्थानीय स्तर 'असेंबल' करना शुरू कर दिया है। 'असेंबल' से तात्पर्य वाहन के निर्मित कलपुर्जों को जोड़ने से है। यह संयंत्र नेपाल में पहली मोटर वाहन 'असेंबली' सुविधा है। इसकी वार्षिक स्थापित क्षमता 5,000 इकाई है।

### एमिरेट्स को 2023 में 4.7 अरब डॉलर का लाभ



**दुबई।** विमानन कंपनी एमिरेट्स ने 2023 में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया। दुबई सरकार के स्वामित्व वाली एमिरेट्स ने सोमवार को बताया, '2023 में 33 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व दर्ज किया। 2022 में राजस्व 29.3 अरब अमेरिकी डॉलर और लाभ 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर था।'

### टाटा मोटर्स का शेयर आठ प्रतिशत टूटा



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स का शेयर सोमवार को आठ प्रतिशत से अधिक टूट गया। कंपनी के जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे के निवेशकों के उम्मीद के अनुरूप न होने पर इसके शेयर में गिरावट आई है। बीएसई पर कंपनी का शेयर 8.32 प्रतिशत गिरकर 959.80 रुपये पर बंद हुआ। दिन में यह 9.44 प्रतिशत गिरकर 948 रुपये पर आ गया था।

## निफ्टी 48.85 अंक के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ

# शेयर बाजार में भारी उठापटक, अंतिम घंटे की लिवाली से सेंसेक्स 112 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसक्स 111 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। एनएसई निफ्टी में भी तेजी रही। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में अंतिम दौर की लिवाली आने से बाजार लाभ में रहा।*


शुरुआती गिरावट से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 111.66 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,776.13 अंक पर बंद हुआ। कमजोरी के साथ खुला सूचकांक कारोबार के दौरान एक समय 798.46 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 71,866.01 अंक पर आ गया था। लेकिन बाद में निचले स्तर पर लिवाली आने से यह नुकसान से उबरने में सफल रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 48.85 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक एक समय 21,821.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया था।

### लाभ और हानि में रही कंपनियां

सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कंपनी का 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना उछलकर 17,528.59 करोड़ रुपये होने की सूचना के बाद भी इसका शेयर नुकसान में रहा। इसके अलावा एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और नेस्ले में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

### अन्य बाजारों में नुकसान

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को बढ़त में रहा था।



### चुनाव की वजह से निवेशक फिक्रमंद

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'भले ही बाजार दिन के निचले स्तर से उबरा और हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ लेकिन निवेशक लोकसभा चुनावों से जुड़ी आशंकाओं और ऊंचे मूल्यांकन की वजह से फिक्रमंद हैं। नायर ने कहा कि किसी बड़े सकारात्मक कारक के अभाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से घरेलू बाजार अल्पावधि में कमजोर बना रह सकता है।

### 2,117.50 करोड़ के शेयर बेचे

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 2,117.50 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83.02 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 260.30 अंक लाभ में जबकि निफ्टी 97.70 अंक की बढ़त में रहा था।

### हल्की बढ़त लेने में सफल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, 'कारोबारी सप्ताह की शुरुआत उतार-चढ़ाव के साथ हुई लेकिन अंत में यह हल्की बढ़त लेने में सफल रहा। खासकर दिग्गज कंपनियों में खरीदारी ने सूचकांकों को दिन के ऊपरी स्तर के करीब बंद होने में मदद की।'

### मिडकैप सूचकांक में बढ़त

*व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.36 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि स्मॉलकैप में 0.23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में इस अनिश्चितता का संबंध लोकसभा चुनावों के चौथे चरण में हुए मतदान से भी है। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड में सर्वाधिक 1.41 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.32 प्रतिशत की बढ़त देखी गई जबकि टिकाऊ उपभोक्ता और दूरसंचार खंड में गिरावट रही।*

# सरकारी बैंकों को रिकॉर्ड 1.42 लाख करोड़ मुनाफा एनपीए 1.70% से नीचे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ तीन बैंकों यूको, इंडियन ओवरसीज और पंजाब एंड सिंध बैंक के मुनाफे में रही गिरावट

सरकारी बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक का रिकॉर्ड मुनाफा कमाया है। इस अवधि में कुल 12 बैंकों का फायदा बढ़कर 1,42,129 करोड़ रुपए पहुंच गया। इन बैंकों ने 2022-23 में रिकॉर्ड 1.05 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। 2021-22 में यह आंकड़ा 66,540 करोड़ रुपये था। इस दौरान सिर्फ तीन बैंकों यूको, इंडियन ओवरसीज और पंजाब एंड सिंध बैंक के मुनाफे में गिरावट रही।

बैंकों का मुनाफा सरकार की 'चार आर' की रणनीति की वजह से बढ़ा है। इसमें एनपीए को पारदर्शी रूप से पहचानना, समाधान व वसूली, पुनर्पूंजीकरण और वित्तीय तंत्र में सुधार करना शामिल है। इस रणनीति के तहत सरकार ने 2016-17 से 2020-21 के बीच कुल 3.11 लाख करोड़ रुपये की पूंजी बैंकों में डाली है। इससे बैंकों को मदद मिली है। दूसरी वजह है...लगातार वसूली और बुरे फंसे कर्ज यानी एनपीए में कमी करना है। इसका असर यह हुआ कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सभी बैंकों का शुद्ध एनपीए घटकर 1.70 फीसदी के स्तर से नीचे आ गया।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र का एनपीए सबसे 0.20 फीसदी रहा, जबकि पंजाब एंड सिंध बैंक का एनपीए सर्वाधिक 1.63 फीसदी रहा।

### मार्च तिमाही में 43,091 करोड़ रुपये का मुनाफा


मार्च तिमाही में कुल 12 सरकारी बैंकों का मुनाफा 43,091 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। मार्च, 2023 में यह 34,483 करोड़ रुपये रहा था। सबसे अधिक फायदा एसबीआई का 20,698 करोड़ रहा। इसमें 24 फीसदी की तेजी रही। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का लाभ 45 फीसदी, सेंट्रल बैंक का 41 फीसदी, इंडियन बैंक का 55 फीसदी और पीएनबी का फायदा तीन गुना बढ़ा। बैंक ऑफ बड़ौदा को 5,132 करोड़ व केनरा बैंक को 3,757 करोड़ लाभ।

# साबा इंफ्रावेंचर्स के मेगा प्रोजेक्ट एसबी सेंट्रम को मिला जबर्दस्त रिस्पांस

■ लॉन्च के दूसरे दिन रविवार को भी बड़ी संख्या में विजिटर्स ने साइट विजिट की

**रायपुर।** रियल एस्टेट की अग्रणी कंपनियों में से एक सा.बा इंफ्रावेंचर्स के मेगा प्रोजेक्ट एस.बी. सेंट्रम में एक्सक्लूसिव बंगलो लॉन्च किए गए। लॉन्चिंग के साथ ही बंगलो की बुकिंग को होम बायर्स का जबर्दस्त रिस्पांस मिला। जांजगिरी, चरोदा, भिलाई-3 स्थित प्रोजेक्ट साइट पर दो दिन का ग्रैंड लॉन्चिंग प्रोग्राम रखा गया था। लॉन्च के दूसरे दिन, रविवार को भी बड़ी संख्या में विजिटर्स ने साइट विजिट की। प्रोजेक्ट और इसमें दी जाने वाली बेहतरीन सुविधाओं को पसंद करते हुए बंगलो की बुकिंग कराने में दिलचस्पी दिखाई तो कई ने ऑन स्पॉट बुकिंग कराई। रायपुर, भिलाई के अलावा आस-पास के क्षेत्रों से काफी लोग लॉन्चिंग पर पहुंचे हुए थे। कंपनी की ओर से साइट विजिट, स्पॉट बुकिंग, फाइनेंस समेत अन्य सुविधाएं दीं गईं। लोगों की सहूलियत के लिए फुली फर्निश्ड डेमो हाउस तैयार किया गया है। लोगों ने डेमो हाउस को देखा। उसे देखकर बंगलो में दी जाने वाली शानदार सुविधाओं और क्वालिटी कंस्ट्रक्शन का अंदाजा भी लगाया। लोगों को बंगलो की खूबसूरत डिजाइन, एलीवेशन, वास्तु और स्पेस यूटीलिटी बेहद पसंद आई। बता दें कि यह प्रोजेक्ट एनएच-53 पर सांई मंदिर के पास है। 14 एकड़ के क्षेत्र में फैले इस प्रोजेक्ट में 240 रेसीडेंशियल प्रीमियम प्लॉट्स के बाद अब 26 एक्सक्लूसिव बंगलो लॉन्च किए गए हैं, जिनका निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है। सा.बा इंफ्रावेंचर्स के डायरेक्टर संजय बघेल और संजना बघेल के अनुसार प्रोजेक्ट में लोगों को हाई एंड लीविंग का एक नया एक्सपीरियंस मिलेगा। एसबी सेंट्रम में फाइनेस्ट लिविंग के लिए बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ वर्ल्ड क्लास सुविधाएं और फैसिलिटीज देने जा रहे हैं।






# भारत में एसयूवी खंड का विस्तार जारी रखेगी सुजुकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/टोक्यो

जापान की कार विनिर्माता सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन यात्री वाहन खंड में अपनी समग्र बाजार हिस्सेदारी फिर हासिल करने के लिए भारत में एसयूवी खंड का विस्तार जारी रखेगी। कंपनी की वर्तमान में मारुति सुजुकी इंडिया में करीब 58 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में उसकी शुद्ध बिक्री 15.8 प्रतिशत बढ़ी। परिचालन लाभ भी सालाना आधार पर 32.8 प्रतिशत बढ़ा। सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन ने बयान में कहा, 'हम (भारत में) अपने एसयूवी मॉडल के विस्तार को बढ़ावा देना जारी रखेंगे और अपनी कुल यात्री कार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखेंगे।'



HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभग्न, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान

# रालास मोटर्स में लॉन्च हुई महिंद्रा की नई एसयूवी 3 एक्सओ



■ कीमत 7 .49 लाख से शुरू, एक्सओ ट्विन एचडी स्क्रीन से भी सुसज्जित है

**रायपुर।** भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने सफर को और आरामदायक बनाने के लिए एसयूवी 3 एक्सओ को बाजार में उतारा है। इसकी कीमत 7.49 लाख रुपए से शुरू है। सोमवार को छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े डीलर रालास मोटर्स में एसयूवी 3 एक्सओ की भव्य लॉन्चिंग हुई। इस अवसर पर रालास मोटर्स के मालिक एवं फाड़ा के प्रेसिडेंट मनीष राज सिंघानिया, चीफ गेस्ट एस प्रकाश एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के जीएम विमल किशोर, चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, विवेक गर्ग, ऋषि सिंघानिया महिंद्रा के एरिया सेल्स मैनेजर आयुष पश्मीने, अनिल अग्रवाल एवं गणमान्य सदस्य मौजूद थे।

मनीष राज सिंघानिया ने बताया कि कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में नए स्टैंडर्ड को बनाते हुए "एसयूवी 3 एक्सओ को अट्रैक्टिव डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर, आरामदायक सवारी,अत्याधुनिक तकनीक और बेजोड़ सुरक्षा के साथ बाजार में उतारा गया है। एसयूवी 3 एक्सओ की बुकिंग 15 मई से ऑनलाइन और साथ ही महिंद्रा डीलरशिप पर शुरू होगी। वहीं डिलीवरी 26 मई से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि एसयूवी 3 एक्सओ में तुरंत ध्यान खींचने वाला एक बोल्ड, एथलेटिक सिल्हूट है। इसमें ग्रिल पर पियानो ब्लैक फिनिश और एलईडी हेडलैंप, एलईडी डीआरएल और एलईडी फॉग लैंप के साथ एक विशिष्ट फ्रंट फेसिया है। पीछे की तरफ, इन्फिनिटी एलईडी टेल लैंप है। एसयूवी 3 एक्सओ का सॉफ्ट टच लेदरेट डेशबोर्ड के साथ प्रीमियम आइवरी रंग का इंटीरियर है, जो डोर ट्रिम्स तक फैला हुआ है और सोफिस्टिकेशन फीलिंग के लिए लेदरेट सीट अपहोल्स्ट्री है। स्टीयरिंग व्हील, गियर नॉब और फ्रंट आर्मरेस्ट पर लेदर एक्सेंट प्रीमियम अहसास को और बढ़ाते हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover — मो. 94252-14479, 0771-4020411 — www.makeoverraipur.com
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट

सत्यनारायण मेमोरियल हेल्थ केयर — डॉ. संजीव कुमार सिंह — एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (इंटर्नल मेडीशीन) — मो. 9669109366, 7992636477
सोमवार से शनिवार- समय : शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक — रविवार- सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
इकोकार्डियोग्राफी — मधुमेह — हृदय से संबंधित रोग — ब्लड प्रेशर से संबंधित — थॉयराइड से संबंधित
ग्राउण्ड फ्लोर ऑर्बिट कॉम्प्लेक्स, सुन्दर नगर, रायपुर - 492001

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) — फोन: 0771-4044551 — समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक — रायपुर (छ.ग.)

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी — मो. 7999450384, 7042974029

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) — OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — मो. 9977247553

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर — 9644099925

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर — राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर — मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# सीधे फाइनल में खेलेंगे चोपड़ा-जेना, 75 मीटर क्वालीफाइंग स्तर कई बार पार कर चुके

फेड कप

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना को यहां 15 मई को होने वाले फेडरेशन कप फाइनल्स में सीधे प्रवेश दिया गया है क्योंकि उन्होंने अपने करियर में 75 मीटर का न्यूनतम क्वालीफाइंग स्तर कई बार हासिल किया है।

ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा पिछले हफ्ते दोहा डाइमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन करके यहां आए हैं जहां वह 88.38 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि एशियाई खेलों के रजत विजेता जेना का डाइमंड लीग में पदार्पण निराशाजनक रहा क्योंकि वह 76.31 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीन दौर के बाद बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2023 में छठे स्थान पर रहे डीपी मनु की नजरें 85.50 मीटर के स्तर को पार करके पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी और वह भी सीधे फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।







### नीरज के खेलने से एएफआई खुश

एएफआई 26 वर्षीय चोपड़ा के तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में खेलने को लेकर काफी उत्सुक है। एएफआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'एएफआई नीरज के फेडरेशन कप में हिस्सा लेने से बिल्कुल भी हैरान नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी भारतीय एथलेटिक्स के लिए बहुत अच्छी बात है।'

### सीधे फाइनल खेलेंगे नौ खिलाड़ी

भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के क्वालीफिकेशन नियमों का हवाला देते हुए कहा, 'वे सभी जो 75 मीटर के स्तर को पार कर चुके हैं, वे मंगलवार को क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। जिन लोगों ने प्रविष्टियां दी हैं उनमें नीरज और जेना सहित ऐसा करने वाले नौ खिलाड़ी हैं। वे सीधे बुधवार को फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। 75 मीटर से कम थ्रो करने वाले बाकी खिलाड़ी क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे और शीर्ष तीन खिलाड़ी फाइनल में 75 मीटर से ऊपर भाला फेंकने वाले नौ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्ध करेंगे।'

### जल्द वापसी करेंगे रमेश

नायर ने पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के सदस्य राजेश रमेश की चोट को अधिक तूल नहीं दिया जो इस महीने की शुरुआत में बहामास में पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट के दूसरे चरण के दौरान बीच में ही हट गए थे। नायर ने कहा, 'रमेश की चोट पैर की मांसपेशियों में खिंचाव नहीं है, यह जांघ में टेंडन से संबंधित है। इसलिए यह कोई बड़ी चोट नहीं है। उसके 10-15 दिनों में ट्रेनिंग शुरू करने की उम्मीद है। राजीव भी जल्द ही ठीक हो जाएगा। ओलंपिक की तैयारी में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।'

### मिश्रित रिले टीम से कोटा की उम्मीद

नायर ने यह भी कहा कि विश्व रिले के दौरान बहामास में विफलता के बावजूद एएफआई को अब भी मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद है। हालांकि अब केवल दो स्थान बचे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीम एशियाई रिले (20-21 मई को बैंकॉक में) में भाग लेगी और अगर हम तीन मिनट 14 सेकंड से कम का समय लेते हैं तो हम पेरिस के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं और हमें लगता है कि हम ऐसा कर सकते हैं।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| गुजरात | 13 | 5 | 7 | 11 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप




जसप्रीत बुमराह
20 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1913 चौके

1105 छक्के




### चोटिल हुए टंडन, दूसरे मैच के बीच से हटे

**भुवनेश्वर**। आभा खटुआ ने राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को यहां 18.41 मीटर की दूरी के साथ महिलाओं के गोला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर रही आभा इस प्रतियोगिता से पहले मनप्रीत कौर के साथ 18.06 मीटर की संयुक्त रिकॉर्ड धारक थीं। उन्होंने हालांकि यहां के कलिंगा स्टेडियम में पांचवें प्रयास में 18.41 मीटर की थ्रो के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। उनका प्रयास ओलंपिक क्वालीफाइंग स्तर 18.80 मीटर से काफी कम था। ओलंपिक क्वालीफाई का समय 30 जून को खत्म हो रहा है।

### लिविंगस्टोन हटे, बटलर जैक्स, टॉपली भी लौटे

**नई दिल्ली**। पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले घुटने की चोट से उबरने के लिए सोमवार को इंग्लैंड लौट गए।



लिविंगस्टोन के अलावा जोस बटलर (राजस्थान ), विल जैक्स और रीस टॉपली (बेंगलुरु) ने भी 22 मई से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली टी20 श्रृंखला से पहले इंग्लैंड टीम में शामिल होने के लिए आईपीएल छोड़ दिया है। पंजाब किंग्स की टीम 12 मैच में सिर्फ चार जीत के साथ पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अभी आठ अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है।

### आरसीबी ने नतीजे देने की क्षमता दिखाई

**नई दिल्ली**। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की लगातार पांचवीं जीत के बाद कहा कि टीम ने जब सबसे अधिक मायने रखता है तब प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई है। मूडी ने कहा, 'एक बार फिर आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई जिससे दोनों टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले का मंच तैयार हो गया।'

## आईपीएल : मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे

# लखनऊ और कैपिटल्स में प्लेऑफ की दौड़ में आगे निकलने की होड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


खराब फॉर्म से जूझ रही लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी जिसकी नॉकआउट में जगह बनाने की मामूली उम्मीद बरकरार है।


सुपर जाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 10 विकेट की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका ने उन्हें सार्वजनिक तौर पर फटकार लगाई थी। इस तरह की अटकलें हैं कि राहुल पद छोड़ सकते हैं या टीम का साथ छोड़ने से पहले अंतिम दो मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी निभा सकते हैं। दोनों ही स्थितियों में यह भारतीय बल्लेबाज बल्ले से जवाब देकर सत्र का शानदार अंत करना चाहेगा।

राहुल काफी अच्छी फॉर्म में नहीं हैं और भारत की टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना पाए हैं। लखनऊ की टीम भी 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है और दिल्ली तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अभी शीर्ष चार से बाहर है। दिल्ली और आरसीबी के भी 12-12 अंक हैं।



### गुजरात प्लेआफ की दौड़ से बाहर, मैच बारिश में धुला





**अहमदाबाद**। गुजरात टाइटंस की इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों पर सोमवार को पानी फिर गया जब कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उसका 'करो या मरो' का मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। केकेआर के अब 13 मैचों में 19 अंक हैं और उसका शीर्ष दो में रहना तय है। वहीं गुजरात 13 मैचों में 11 अंक लेकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर है। लगातार बिजली कड़कने और हल्की बूंदाबांदी के कारण टॉस सात बजे नहीं हो सका। धीरे धीरे बारिश तेज होती चली गई। प्रति टीम पांच ओवर का मैच कराने के लिए कटआफ समय 10 बजकर 56 मिनट था लेकिन अधिकारियों ने लगातार हो रही तेज बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण मैच रद्द करने का फैसला किया जो आईपीएल के इस सत्र में पहली बार हुआ है।

### खराब फॉर्म से जूझ रहे डिकॉक

राहुल और उनकी टीम को अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए पांच दिन का समय मिला है और रविवार रात आरसीबी के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली दिल्ली की टीम के खिलाफ अपना सब कुछ झोंकना चाहेगी। राहुल के अलावा क्विंटन डिकॉक की खराब फॉर्म के कारण भी सुपर जाइंट्स को मौजूदा सत्र में पावर प्ले में जूझना पड़ा है जिससे मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन जैसे खिलाड़ियों पर दबाव बड़ा है।

### जेक प्रभावी बल्लेबाज

जेक फ्रेजर-मैकगर्क सात मैच में 237.41 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाकर टीम के सबसे प्रभावी बल्लेबाज रहे हैं। अभिषेक पोरेल (269 रन, 156.39 स्ट्राइक रेट), पंत (413 रन, 156.43 स्ट्राइक रेट) और ट्रिस्टन स्टब्स (321 रन, 185.54 स्ट्राइक रेट) ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। गेंदबाजी में कुलदीप यादव (15) और अक्षर पटेल (10) की स्पिन जोड़ी ने मिलकर 25 विकेट चटकाए हैं। खलील अहमद (16 विकेट) और मुकेश कुमार (16 विकेट) ने भी टीम को सफलताएं दिलाई हैं।

खास खबर

# शतरंज : श्याम निखिल बने भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶| दुबई

पी श्याम निखिल हाल ही में दुबई पुलिस मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टरनॉर्म हासिल करके भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर बन गए। आठ साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू करने वाले श्याम निखिल को तीसरे नॉर्म के साथ इस उपलब्धि के लिए 12 साल का इंतजार करना पड़ा।

श्याम निखिल को लंबे समय से प्रतीक्षित जीएम नॉर्म पूरा करने के लिए सिर्फ एक जीत और आठ ड्रॉ की जरूरत थी, जो उन्होंने दुबई में खेले गए टूर्नामेंट में हासिल किया। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 2012 में दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म के साथ आवश्यक 2500 ईएलओ रेटिंग अंक हासिल कर लिए थे जो जीएम बनने के लिए न्यूनतम आवश्यकता है। उन्हें हालांकि तीसरे नॉर्म को पूरा करने के लिए 12 साल तक इंतजार करना पड़ा।



तमिलनाडु के नगरकोली के श्याम निखिल ने मुंबई मेयर्स कप 2011 में अपना पहला जीएम नॉर्म हासिल किया था। उन्होंने इसके कुछ समय के बाद 19 साल की उम्र में इंडियन चैंपियनशिप के दौरान दूसरा नॉर्म हासिल किया और फिर 2012 की शुरुआत में रेटिंग की आवश्यकता पूरी की। वह 2012 में दुबई ओपन में अपना अंतिम नॉर्म हासिल करने से चूक गए। वह इसके बाद अब तक कई मौकों का फायदा उठाने में विफल रहे।

### आदर्श, मनु ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल

**भोपाल**। मनु भाकर और आदर्श सिंह ने ओलंपिक चयन ट्रायल में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धाओं के क्वालिफिकेशन दौर में पहला स्थान हासिल किया । महिला और पुरुष वर्ग के पांच निशानेबाज अब मंगलवार को यहां मध्यप्रदेश प्रदेश निशानेबाजी अकादमी रेंज पर फाइनल्स में भिड़ेंगे। अनीश भानवाला ने दूसरे रैपिड फायर चरण में चार अंक की बढ़त ले ली थी लेकिन आदर्श ने शानदार वापसी करके भीतरी 10 में 24 हिट लगाए। अंकुर गोयल का भी समान स्कोर था लेकिन भीतरी रिंग में उनके दस हिट कम थे। विजयवीर सिद्धू 581 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। भावेश शेखावत पांचवें स्थान पर रहे। मनु ने भीतरी 10 हिट के आधार पर ईशा सिंह को हराया चूंकि दोनों का स्कोर 586 था। रिदम सांगवान तीसरे, अभिद्या पाटिल चौथे और सिमरनप्रीत कौर बरार पांचवें स्थान पर रही।

## पाकिस्तान ने आयरलैंड को सात विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶| डबलिन

पाकिस्तान ने पहले टी20 की हार का बदला चुकता करते हुए दूसरे मैच में आयरलैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। शुक्रवार को आयरलैंड ने पहले टी20 में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। यह आयरलैंड की टी20 प्रारूप में पाकिस्तान पर पहली जीत थी।

रविवार को टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे आयरलैंड के लोर्कान टकर और हैरी टेक्टर (32) ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़कर पारी को संभाला। टकर ने 34 गेंद में 51 रन बनाए। टीम ने सात विकेट पर 193 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। सैम अयूब पहले ही ओर में पवेलियन लौट गए जबकि कप्तान बाबर आजम दूसरे ओवर में खाता खोले बिना ग्राहम ह्यूम का शिकार बने। मोहम्मद रिजवान (नाबाद 75) और फखर जमां (78 रन) ने हालांकि तीसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी करके आयरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पारी फेर दिया। आजम खान ने इसके बाद 10 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर पाकिस्तान को 19 गेंद शेष रहते लक्ष्य तक पहुंचाया। तीसरा टी20 मंगलवार को खेला जाएगा।

### एडवर्ड्स टी20 विश्व कप में करेंगे नीदरलैंड की कप्तानी




**एम्स्टर्डम**। नीदरलैंड ने अनुभवी स्कॉट एडवर्ड्स की अगुवाई में अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। 'रॉयल डच क्रिकेट संघ' ने 27 वर्षीय एडवर्ड्स को मेजबान नेपाल और नामीबिया की हालिया त्रिकोणीय श्रृंखला में मामूली प्रदर्शन के बावजूद कप्तान बनाए रखा है। एडवर्ड्स ने नीदरलैंड के लिए 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 122 की स्ट्राइक-रेट से 671 रन बनाए हैं। टीम में भारतीय मूल के क्रिकेटरों तेजा निदामानुरु, विक्रम सिंह और आर्यन दत्त को भी शामिल किया गया है। नीदरलैंड की टीम 2022 में टी20 विश्व कप और पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद यह लगातार तीसरी बार आईसीसी की प्रतियोगिता में भाग ले रही है। टीम टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत चार जून को डलास में नेपाल के खिलाफ करेगी।


## नडाल के बाद अब इटैलियन ओपन में जोकोविच भी हारे

एजेंसी ▶▶| रोम

नोवाक जोकोविच रविवार को यहां इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में 29वें वरीय एलेजांद्रो टैबिलो से उलटफेर का शिकार होकर अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में से एक से बाहर हो गए। शुक्रवार को एक प्रशंसक को ऑटोग्राफ देते हुए उसकी पानी की बोतल जोकोविच के सिर पर लग गयी थी, जिसके बाद यह उनका पहला मैच था।

जोकोविच ने एक 'डबल फॉल्ट' से शुरुआत की और छह बार का चैंपियन इसके बाद उबर नहीं सका। जोकोविच महज 68 मिनट में टैबिलो से 2-6, 3-6 से हार गए। तीसरे दौर में मिली हार जोकोविच का इटैलियन ओपन में सबसे खराब प्रदर्शन है। एक दिन पहले रिकॉर्ड 10 बार के चैम्पियन राफेल नडाल भी तीसरे दौर में हुबर्ट हुर्काज से हारकर बाहर हो गये थे।






## एटलेटिको ने सेल्टा विगो को हराया

***मैड्रिड**। एटलेटिको मैड्रिड रविवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेल्टा विगो पर 1-0 की जीत के साथ चैंपियंस लीग फुटबॉल के चौथे और अंतिम स्थान के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया। एटलेटिको की ओर से मैच का एकमात्र गोल 84वें मिनट में रोड्रिगो डि पॉल ने किया। इस जीत से एटलेटिको ने पांचवें स्थान पर मौजूद एथलेटिक बिलबाओ पर आठ अंक की बढ़त बना ली है जबकि सिर्फ तीन दौर का खेल बाकी है। एथलेटिक बिलबाओ ने शनिवार को ओसासुना से 2-2 से ड्रॉ खेला था।*


### मलेशिया के खिलाफ भारतीय जोड़ी का मुकाबला आज

# थाईलैंड ओपन में भारत की अगुवाई करेंगे सात्विक-चिराग

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों की सर्विस का सामना करने में थोड़ी मुश्किल हुई थी।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा।




### प्रणय एकल में देंगे चुनौती

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय को मौजूदा सत्र में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद लय हासिल करनी होगी। इंडोनेशिया के एंथोनी गिनटिंग के खिलाफ जीत से प्रणय का आत्मविश्वास बढ़ा होगा लेकिन चीन के शी युकी के खिलाफ हार से वह परेशान होंगे क्योंकि उन्हें करीबी मुकाबले जीतने की जरूरत है। किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करुणाकरण भी एकल वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं। किरण को पहले दौर में चीन के ऑस्ट्रेलिया ओपन विजेता वेंग होंग यैंग से भिड़ना है जबकि सतीश अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे।

### अश्मिता, मालविका और आकर्षी पर नजर

सिंधू की गैरमौजूदगी में महिला एकल में भारत की नजरें अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप पर रहेंगी। अश्मिता को पहले दौर में इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी त्री वारडोयो से भिड़ना है जबकि मालविका को चीन की शीर्ष वरीय हेन युई के खिलाफ खेलना है। आकर्षी का सामना पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबैमरुंगफान से होगा। युवा उनन्ति हुड्डा और इमाद फारूकी को भी क्रमशः बेल्जियम की लियाने टेन और चीन की गोवा फेंग जेई के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। महिला युगल में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की चौथी वरीय भारतीय जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली है।

# MATS UNIVERSITY

NAAC Accredited University



## Join MATS, Build an Unstoppable Career.

## PROGRAMS

**School of Engineering**
M.Tech.
Computer Science Engineering
Turbo Machinery
Power Electronics
Computer Aided Structural Engineering
B.Tech. Hons.
Computer Science Engg.(IOT, AI & ML)
Aeronautical Engg. (UAV)
Mechanical Engg. (ROBOTICS & ENERGY)
Mining Engg. (MINERAL PROCESSING)
Civil Engg. (CONS. MGMT. & GREEN TECH.)
B.Tech.
Computer Science Engineering
Aeronautical Engineering
Mechanical Engineering
Mining Engineering
Civil Engineering
Diploma
Mechanical Engineering
Mining Engineering
Civil Engineering
Admission Help Line :
7389356989, 9109951182

**School of Business Studies**
M.Com.
B.Com. (Hons.)
B.Com. (Land Transportation)
Admission Help Line : 7389376989

**School of Management**
M.B.A. Marketing/HR/Fin. (Dual Spe.)
B.B.A. (Hons.) Marketing/HR/Fin.
B.B.A. (Logistics)
Admission Help Line : 9109913111

**School of Information Technology**
M.C.A.
Specialization in AI/Data Science
M.Sc. (CS)
P.G.D.C.A.
B.Sc.
Animation & Graphic Designing
B.C.A.
Specialization in AI/Data Science
D.C.A.
Admission Help Line : 9109951181

**School of Fashion Designing & Technology**
M.Design
B.Sc. (Hons.)
Fashion Designing & Technology
Interior Design & Decoration
Admission Help Line : 9109951183

**School of Education**
M.A. Education
B.Ed.
Admission Help Line : 9109951184

**Law School**
LL.M.
B.A. LL.B.
LL.B.
Admission Help Line : 9109997900

**School of Sciences**
M.Sc.
Microbiology/ Chemistry
Botany/ Zoology/ Mathematics
B.Sc.
Biotechnology/ Microbiology
Forensic Science/ CBZ/ PCM
Admission Help Line : 9109991032

**School of Pharmacy**
B.Pharmacy
D.Pharmacy
Admission Help Line : 9755199381

**School of Physical Education**
M.A. Yoga
B.P.Ed.
P.G.D.Y.Ed.
Admission Help Line : 9755199381

**School of Library & Information Science**
M.Lib.I.Sc.
B.Lib.I.Sc.
Admission Help Line : 9109991031

**School of Arts & Humanities**
**Department of Psychology**
M.A. Psychology
M.Sc. Psychology
P.G.D.G.C.
PG Dip. in Guidance & Counseling
B.A. (Hons.) Applied Psychology
B.Sc. (Hons.) Applied Psychology
Admission Help Line : 7471180268

**Department of Hindi**
M.A. -
Hindi/ Political Science
B.A. -
History/Political Science/Social Science
B.A. (Hons.)
Hindi with Journalism & Tourism
Diploma
Journalism & Mass Communication
Admission Help Line : 7880001773

**Department of English**
M.A. - English
B.A. (Hons.)
English with Mass Communication
Admission Help Line : 9752942949

**School of Research Studies**
Ph.D.
(Various Programs)
Admission Help Line : 9109994500

## APPROVALS & RECOGNITIONS

UGC AIU CGPURC AICTE NCTE BCI NAAC PCI

58456+ Alumni
100+ Programmes
150+ Corporate Alliances
80% Placement Average

## Admissions Open for 2024-25 session

TOLL FREE : 1800-123-819999
matsuniversity.ac.in

ARANG, RAIPUR (C.G) | PANDRI, RAIPUR (C.G)


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com